www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 191 || लखनऊ
सोमवार
11 अक्टूबर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com
दैनिक
तमसा संकेत
लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:04
सूर्यास्तः 05:41
अधिकतमः 32°00
न्यूनतमः 22°00


पेज 07

विशेष समाचार | वनाधिकार कानूनः कागज पर... >>पेज 04 | रिटायर्ड लेखाकार से 72.74... >>पेज 06 | हिरासत में आमिर खान के भांजे...

चेन्नई में पीएम ने किया मेट्रो फेज-2 रूट का उद्घाटन, छात्रों से कहा- 'डेवलप तमिलनाडु, डेवलप इंडिया'

भारत के भविष्य के सबसे बड़े हीरो हैं युवा : मोदी



कार्यक्रम

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई। पीएम मोदी ने रविवार को चेन्नई में कहा कि मंदिरों से लेकर मेट्रो तक तमिलनाडु में नए भारत की झलक दिखती है। भारत अपनी सांस्कृतिक ताकत से प्रेरणा लेता है, वैज्ञानिक प्रगति के जरिए आगे बढ़ता है। मोदी ने चेन्नई मेट्रो के फेज-2 प्रोजेक्ट के 14.6 किमी लंबे पूनमल्ली-वडापालानी रूट का उद्घाटन भी किया। इसके बाद पीएम ने खुद ट्रेन में यात्रा की, इस दौरान तमिलनाडु के सीएम विजय भी उनके साथ मौजूद थे। इसके बाद वे जयगोपाल गरोडिया हिंदू विद्यायल के गोल्डन जुबली इवेंट में पहुंचे, जहां उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि भारत का भविष्य बहुत शानदार होगा। मुझे पूरा भरोसा है इसके बाद उन्होंने बच्चों से वी विल डू इट का नारा लगवाया। 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद यह पीएम मोदी का पहला चेन्नई दौरा है। 2026 में TVK ने जीत हासिल की और एक्टर विजय सीएम बने। कांग्रेस उनकी सहयोगी पार्टी है। दोस्तों आज देश में एजुकेशन में पूरा लैंडस्कैप बदल रहा है। आज देश में 1300 से ज्यादा विश्वविद्यालय हैं। कॉलेज भी बढ़कर 52 हजार हो चुकी है। पिछले कुछ साल में देश को कई IIT, IIM और AIIMS मिले हैं। बच्चों को भविष्य के लिए तैयार होने के लिए पीएम ने कहा- ड्रीम बिग, थिंक डिफरेंटली एंड बी फियरलेस, यानी बड़े सपने देखो, अलग सोचो और निडर रहो।

>> (शेष पेज 06 पर)

पीएम मोदी-सीएम विजय मेट्रो में साथ बैठे



मोदी ने कहा- फ्रेंड्स, इसलिए मैं आपसे भारत की खोज करने के लिए कहता हूं। जहां भी जाएं वहां अपने दोस्तों से तमिल संस्कृति और कविताओं का प्रचार करें।

भारत का भविष्य बहुत शानदार होगा, मुझे आप पर पूरा भरोसा है

पीएम मोदी बोले- आज आपके बीच आकर, आपके सपनों को महसूस करके मेरा विश्वास और मजबूत हुआ है। मैं कह सकता हूं भारत का भविष्य बहुत शानदार होगा। और उस भविष्य के सबसे बड़े हीरो आप हैं। मुझे आपके टैलेंट, कॉन्फिडेंस, योग्यता पर भरोसा है। इसलिए आज मैं आप सभी के साथ कुछ बड़े संकल्प दोहराना चाहता हूं। अब जो मैं कहूंगा उसके बाद आपको बोलना है, वी विल डू इट डेवलप तमिलनाडु, डेवलप इंडियावी विल डू इट...।

मोदी बोले- जो हम सीखते हैं, उसे जीवन में अपनाना भी चाहिए

पीएम ने बच्चों से कहा- आज इस अवसर पर मैं महान संत तिरुवल्लुवर को याद करता हूं। हाल ही में मुझे रूसी प्रेसिडेंट को यहां का महान साहित्य का रशियन भाषा में अनुवाद उपहार में देने का मौका मिला। तिरुकोणम एक अद्भुत मार्गदर्शक हैं।

मोदी ने कहा- मुझे यकीन देश खेल की दुनिया में भी नई ऊंचाई पर जाएगा

आज नई एजुकेशन पॉलिसी से देश में एजुकेशन क्वालिटी इंप्रूव हो रही है। ग्लोबल पहचान बढ़ रही है। आज 52 हो गई है। इन आंकड़ों का मतलब बहुत सीधा है। ज्यादा संस्थान, तो आपके लिए ज्यादा अवसर। पीएम ने कहा- हर युवा के अपने अलग अलग सपने होते हैं, अपनी प्रतिभा होती है। आपमें से कई साथी ऐसे होंगे जो खेल में कॅरियर बनाना चाहते होंगे। देश इसलिए एन्श्योर कर रहा है कि स्पोर्ट्स केवल मनोरंजन न बने। आपको बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए लगातार काम हुआ है, इसलिए इंटरनेशनल स्पोर्ट्स की दुनिया में भारत का कद भी बढ़ रहा है। भारत 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की तैयारी कर रहा है।

गिरिजा अम्मा ने हर बच्चे से एक रुपया बचाने आइडिया दिया



पीएम मोदी ने कहा- एक संस्थान कैसे शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रभक्त नागरिकों का निर्माण करता है यह इसका उदाहरण है। मैंने मन की बात में इसकी चर्चा भी थी। कैसे गिरिजा अम्मा ने आइडिया दिया कि हर बच्चा एक रूपए बचाए और देश के सैनिकों को समर्पित करे। जब हजारों बच्चे जुटे तो 40 लाख रुपए कुछ ही समय में जुटा लिए। ये एक अद्भुत उदाहरण था। छोटा सा प्रयास भी, बहुत बड़ा असर करता है। आपदा के समय जरूरतमंदों की मदद करना हो, स्वच्छता से जुड़ा प्रयास हो ये संस्कार भी हिंदू विद्यालय परिवार की विरासत है।

युवाओं के पास दुनिया का भविष्य तय करने की क्षमता है

मोदी ने कहा- आज का युवा विकसित भारत के विजन की ताकत बनना चाहता है। इसके लिए जो नया आइडिया, सॉल्यूशन चाहिए। उनसे भारत ही नहीं विश्व का भविष्य भी तय होगा। आज दुनिया समाधानों की तरफ देख रही है और आपमें वह प्रतिभा है जो इन समाधानों को बना सकती है। पीएम ने कहा- मैं चाहता हूं हर युवा अपने भविष्य को उसी बड़े कैनवास पर देखें क्योंकि यह आपका समय है। आपका मौका है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह सपना पूरा होकर रहेगा- टुगेदर वी विल डू इट। उसी मुलाकात में उन्होंने मुझे यहां आने का न्योता दिया था। एक उनका स्नेह और इस संस्थान के प्रति मेरी भावना, इसलिए मैंने तय किया था मैं यहां जरूर आएगा।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया ब्लॉक का आज मार्च

जंतर-मंतर जा सकते हैं, राहुल ने चीफ जस्टिस से मिलने का समय मांगा

आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष कल सोमवार को दिल्ली में मार्च निकालेगा। विपक्षी सांसद जंतर-मंतर भी जा सकते हैं। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी CJI सूर्यकांत से मुलाकात करेंगे। शाम 4 से 5 बजे के बीच मिलने का समय मांगा गया है। उन्होंने कहा कि हम CJI को देश में लोकतंत्र की मौजूदा स्थिति से अवगत कराएंगे। उन्होंने केंद्र सरकार पर चुनाव आयोग की स्वायत्तता कमजोर करने और 'वोट चोरी' जारी रखने का आरोप लगाया। इससे पहले विपक्षी सांसदों ने 6, 7, 8 और 9 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और SIR के विरोध में प्रदर्शन किया था। इस दौरान तीन बार राहुल और प्रियंका गांधी को पुलिस ने हिरासत में भी लिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और SIR के विरोध में विपक्ष ने दिल्ली में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन किया।



>> (शेष पेज 06 पर)

दिल्ली से चेन्नई जा रहे विमान में आग लगी

इंडिगो फ्लाइट की हैदराबाद में इमरजेंसी लैंडिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट की हैदराबाद में इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी।इस फ्लाइट में एक पैसेंजर का पावर बैंक ब्लास्ट होने से बैग में आग लग गई थी। धुआं निकलता देख यात्रियों ने क्रू को खबर दी। इसके बाद प्लेन को हैदराबाद डायवर्ट कर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई।

इंडिगो ने कहा कि आग लगने का पता चलते ही केबिन क्रू ने स्थिति को काबू में कर लिया। इसके बाद पायलटों ने विमान को डायवर्ट किया। इंडिगो ने बताया कि यात्रियों को चेन्नई पहुंचाने के लिए एक दूसरे विमान की व्यवस्था की गई।इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें यात्री फायर-फायर चिल्लाते नजर आ रहे हैं। इसके बाद वहां बैठे दूसरे यात्री ओवरहेड बिन (सामान रखने वाली जगह) से सामान हटाते दिखाई दे रहे हैं।



फास्ट न्यूज

राज्यसभा सांसद बनकर आए रामप्रताप चौहान का स्वागत

आगरा। आगरा में भाजपा के प्रदेश महामंत्री और नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद रामप्रताप सिंह चौहान ने अधिकारियों को चेतावनी दी है। कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। रविवार दोपहर करीब 2:15 बजे लखनऊ से पहली बार आगरा पहुंचे चौहान का इनर रिंग रोड स्थित रहनकलां टोल प्लाजा पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

टीएमसी विधायक बिभास सरदार पर हमला, कार के शीशे तोड़े

कोलकाता। बंगाल के बारुईपुर ईस्ट से TMC विधायक बिभास सरदार की गाड़ी पर शनिवार को हमला किया गया और उनके साथ मारपीट की गई। सरदार ने इसके लिए BJP को जिम्मेदार ठहराया है। सरदार के मुताबिक, पहले उनकी कार का शीशा ईंट मारकर तोड़ा गया। इसके बाद गोलबेरिया हाट में हुए दूसरे हमले में उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना में उनकी आंख में चोट आई है। बंगाल में 4 मई को विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। 15 साल बाद TMC सत्ता से बाहर हो गई और पहली बार BJP की सरकार बनी।

भारत में 17 साल में सबसे सूखा मानसून

देश में इस साल मानसून की बारिश सामान्य से 15% कम रही है। यह आंकड़ा पिछले 17 साल में सबसे कम है। इससे पहले, साल 2009 में बारिश में 18.3% कमी दर्ज की गई थी। इस साल बारिश में कमी का मुख्य कारण अलनीनो माना जा रहा है। 1 जून से 21 सितंबर तक 827.2 मिमी बारिश सामान्य मानी जाती है।

शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को हिरासत में न लें : सुप्रीम कोट

- मेट्रो-इंटरनेट बहाल करें; सीजेपी प्रदर्शन में 45 मेट्रो स्टेशन बंद और 7000 लोग कस्टडी में लिए थे।

तमसा संकेत, एजेंसी



दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान मेट्रो-ट्रेन सेवाएं बंद करने, इंटरनेट बाधित करने और लोगों को हिरासत में लेने से जुड़ी याचिकाओं पर रविवार को सुप्रीम कोर्ट की स्पेशल बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से चलनी चाहिए। इंटरनेट बाधित नहीं होना चाहिए और लोगों की आवाजाही नहीं रोकी जानी चाहिए। याचिका-कर्ताओं ने आरोप लगाया था कि 9 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि प्रदर्शन के कारण दिल्ली मेट्रो और यहां आने वाली ट्रेनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक न लगाई जाए। इसके बावजूद शनिवार को कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हुआ। इस पर कोर्ट ने दिल्ली के अधिकारियों को नोटिस जारी कर मंगलवार तक जवाब मांगा। इससे पहले मजिस्ट्रेट कोर्ट ने CJP लीडर अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को रविवार सुबह करीब 10 बजे रिहा करने का आदेश दिया। तीनों 23 घंटे पुलिस कस्टडी में रहे।

कॉकरोच पार्टी का लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन

ममता-केजरीवाल को प्रोटेस्ट के लिए धन्यवाद दिया, राहुल बोले- सभी सुप्रीम कोर्ट चलें

विरोध

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी है। दिल्ली में भारी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात हैं। 200 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरव दास करीब 23 घंटे हिरासत में रहने के बाद रविवार सुबह 10 बजे रिहा हुए। इसके बाद पार्टी ने ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल को प्रदर्शन में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। इधर, राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी किया। वे हाथ में संविधान की कॉपी लेकर बोले- "सभी दल हमारे साथ आएं और सोमवार को सुप्रीम कोर्ट चलें। ये मोदी,शाह, डोभाल, मोहन भागवत हमारी आवाज नहीं दबा सकते। उनको हटना पड़ेगा।" दिल्ली में प्रदर्शनकारियों को ले जाने वाली बस पर चढ़ीं SFI की आईसी घोष। बस के सामने बैठ प्रोटेस्ट करने लगी। असल में SFI ने दिल्ली पुलिस के ऊपर महिला प्रदर्शनकारियों पर से बदसलूकी का आरोप लगाया था।



>> (शेष पेज 06 पर)

पुलिस बोली- दीपके ने पैरेंट्स से बात करने से मना किया

दिल्ली पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जैसे ही दिल्ली पुलिस के पास अभिजीत दीपके के दादी के निधन की खबर पहुंची। ये दुखद समाचार पहुंचाने के लिए दिल्ली पुलिस उनके पास गई और हर प्रकार की मदद के लिए उनसे पूछा गया।

फ्लाइट, कॉल या जो भी उन्हें जरूरत हो, संवेदनशील भाव के साथ उनसे पूछा। उनसे लगातार पूछा गया कि उनकी पैरेंट्स से उनकी बात करा दें, जो उन्होंने मना किया। एकदम से मना किया। उन्हें थोड़ा सोचने का टाइम भी दिया गया।

फिर दोबारा मदद के लिए पूछा। सीजेपी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस तथ्य को गलत तरीके से बताया गया है। राहुल हाथ में संविधान की कॉपी लेकर बोले- सभी दल हमारे साथ आएं और सुप्रीम कोर्ट चलें।

दीपके बोले- हमने कोई बॉन्ड साइन नहीं किया

अभिजीत दीपके ने कहा- हमने ऐसा कोई बॉन्ड साइन नहीं किया है कि हम प्रदर्शन नहीं करेंगे। हम फिर से सड़कों पर उतरेंगे। मुंबई के दादर स्थित शिवाजी पार्क में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया।

वे कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के समर्थन में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। शनिवार को भी पुलिस ने मुंबई के अलग-अलग इलाकों से करीब 600 लोगों को बिना अनुमति प्रदर्शन करने के आरोप में हिरासत में लिया था।

CJP की लीगल हेड रत्ना सिंह ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पूछा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश किसने दिए थे। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि ऐसे आदेश क्यों जारी किए गए।

पूजनः देवीभागवत और दुर्गासप्तशती का पाठ शुरू, 17 जिलों के शिक्षकों से करेंगे संवाद

सीएम योगी ने की कलश स्थापना

तमसा संकेत, एजेंसी



गोरखपुर। शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर के शक्तिपीठ में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना की। इसके साथ ही मंदिर में मां जगतजननी की आराधना के विशेष अनुष्ठान शुरू हो गए। मंदिर की परंपरा के अनुसार, नवरात्र के दौरान होने वाले इन धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन लोक कल्याण, जनमंगल और सुख-समृद्धि की कामना के साथ किया जा रहा है। कलश स्थापना के बाद शक्तिपीठ के गर्भगृह में देवीभागवत पारायण और श्रीदुर्गासप्तशती के पाठ का शुभारंभ हुआ। नवरात्र के दिनों में मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम जारी रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह करीब 11:15 बजे दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद वह सीधे गोरखनाथ मंदिर गए। मंदिर में उन्होंने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की।

>> (शेष पेज 06 पर)

शिक्षक मतदाता संवाद में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में करेंगे अपील

किसानों को अनुदान वितरित करने के बाद मुख्यमंत्री रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित महंत दिग्विजयनाथ पार्क में शिक्षक मतदाता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यह आयोजन गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन खंड के एमएलसी चुनाव को लेकर किया जा रहा है। भाजपा ने तीन बार के एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी को अपना प्रत्याशी बनाया है। शिक्षक मतदाता सम्मेलन के जरिए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाने की तैयारी है। आयोजकों के मुताबिक, कार्यक्रम में 10 से 12 हजार शिक्षकों को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन खंड में 17 जिले आते हैं और यहां 54 हजार से अधिक मतदाता हैं।



धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिवसीय गोरखपुर दौरे में किसानों को राहत पहुंचाने से जुड़ा कार्यक्रम भी शामिल है। मुख्यमंत्री सोमवार को बाढ़, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान वितरित करेंगे। प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान के मद्देनजर यह सहायता दी जाएगी। फसल खराब होने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

यूपीआई पर एमडीआर चार्ज के विरोध में उतरे अखिलेश

अखिलेश बोले- दुकानदारों के हितों की लड़ाई लड़ेगी पार्टी

ऐलान

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने व्यापारियों के हितों को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी दुकानदारों और व्यापारियों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। यूपीआई भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) चार्ज लगाए जाने के विरोध में पार्टी व्यापारियों की आवाज उठाएगी। समाजवादी व्यापार सभा ने इस मुद्दे पर 12 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अखिलेश यादव ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



- 12 अक्टूबर को प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी समाजवादी व्यापार सभा।

>> (शेष पेज 06 पर)

कारें-बाइकें डूबीं, राशन खराब; घर छोड़कर किराए पर रह रहे लोग, जलभराव के कारण मां चंद्रिका देवी धाम मंदिर बंद है

लखनऊ बाढ़-40 हजार घर डूबे, सड़कों पर चल रहीं नाव

फैजुल्लागंज इलाके में लोगों के घरों में फव्वारे निकल रहे हैं। जितने नाले-नालियां और सीवर लाइन हैं, सब बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं। सीवर से फव्वारे निकलने लगे।

संकट

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ 13 दिनों से बाढ़ की चपेट में है। 3 लाख से ज्यादा की आबादी प्रभावित है। सबसे भयावह स्थिति फैजुल्लागंज में है। यहां 40-50 हजार से ज्यादा घर आधे से अधिक गोमती नदी के पानी में डूबे हैं।

सड़कों पर नाव चल रही हैं। घरों के बाहर खड़ी कारें और बाइकें पानी में डूबी हैं। घरों में रखा राशन खराब हो गया है। लोग घर छोड़कर किराए पर रहने को मजबूर हैं। जलभराव के कारण मां चंद्रिका देवी धाम मंदिर बंद है। ऐसा पहली





बार हुआ है, जब नवरात्र के पहले दिन भक्त मां के दर्शन नहीं कर पा रहे हैं।

हालांकि, गोमती का जलस्तर थोड़ा घटा है। गऊघाट पर शनिवार शाम 6 बजे जलस्तर 108.54 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जबकि शुक्रवार को यह 108.60 मीटर था। यानी जलस्तर में 0.06 मीटर (6 सेंटीमीटर) की कमी आई है।

फैजुल्लागंज में गलियों में एक घर से दूसरे घर जाने के लिए नाव चल रही हैं। वहीं, लोगों की कारें खड़ी-खड़ी उतराने लगीं। फैजुल्लागंज में सीने से ऊपर तक पानी है। श्यामलाल कॉलोनी के डूबने के बाद त्रिवेणीनगर चले गए थे। वह शनिवार को अपने पूर्वजों का श्राद्ध करने फैजुल्लागंज पहुंचे। पानी में घुसकर घर तक जाना पड़ा।



फैजुल्लागंज में सड़क पर नाव चल रही है। एक नाव पर रिपोर्टर लोगों के साथ बैठे। उनसे लोगों ने बताया कि प्रशासन की तरफ से मदद के रूप में केवल नाव मिली है। हमारे घर में सारा सामान खराब हो चुका है। अपना घर छोड़कर किराये के कमरा लिया है।

लोग ट्रैक्टर से जरूरतमंदों को खाना बांट रहे हैं

फैजुल्लागंज के मिल्लतनगर ढाल के रहने वाले नजरुदीन ट्रैक्टर से लोगों तक खाना और पानी पहुंचा रहे हैं। उनका कहना है जरूरतमंदों तक मदद नहीं पहुंच रहा तो हम लोग तीन दिन से ट्रैक्टर से घूम-घूमकर खाना बाट रहे हैं।

37 किलो गांजे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

पेपर रोल के बीच छिपाकर ले जा रहा था

तमसा संकेत, एजेंसी

मोहनलालगंज। ओडिशा के बरगढ़ से पंजाब के लुधियाना तक गांजा पहुंचाने के नेटवर्क का खुलासा पीजीआई पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में हुआ है। किसान पथ के पास छह टायर वाले डीसीएम से 37 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, गांजे को पेपर रोल के बीच बोरियों में छिपाकर ले जाया जा रहा था।

गिरफ्तार चालक रघुनाथ महादेव इंगोले ने पूछताछ में बताया कि लुधियाना का संजीव उर्फ संजय उसे गांजा पहुंचाने के लिए देता था। इस काम के बदले उसे हर चक्कर के 50 हजार रुपए मिलते थे। आरोपी पहले भी दो से तीन बार गांजा पहुंचाने की बात कबूल कर चुका है। पुलिस के मुताबिक, जब्त किए गए



गांजे की कुल 6 लाख रुपए कीमत है। पुलिस के मुताबिक, 10 अक्टूबर को एसटीएफ को दूसरे राज्यों से गांजे की तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पीजीआई पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने किसान पथ अंडरपास के पास एचपी पेट्रोल पंप के सामने डीसीएम को रोककर तलाशी ली। इस दौरान 37 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रघुनाथ महादेव इंगोले (40), निवासी लुधियाना, पंजाब के रूप में हुई है।

फास्ट न्यूज

लखनऊ में बाढ़ पीड़ितों की मदद

लखनऊ । लखनऊ के फैजुल्लागंज और त्रिवेणीनगर में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पिछले आठ दिनों से राहत कार्य चला रहा है। इसी क्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने पदाधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक नाव के जरिए बाढ़ प्रभावित नागरिकों और व्यापारियों तक भोजन, फल, पानी और अन्य राहत सामग्री पहुंचाई गई।

सीईसी के खिलाफ काले गुब्बारे उड़ाए

लखनऊ । लखनऊ में CEC ज्ञानेश कुमार के खिलाफ NSUI कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। हजरतगंज में सड़क पर 'वोट चोर' लिखा। प्रदर्शनकारियों ने शर्ट पर लिखवाया था- अब तेरा क्या होगा ज्ञानू? इस्तीफा दो की नारेबाजी करते हुए काले गुब्बारे उड़ाए। हजरतगंज से विधानसभा की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिसने रोक लिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। प्रदर्शन कर रहे NSUI प्रदेश सचिव शुभम खर्कवार ने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र की हत्या की है। करोड़ों की वोट चोरी करवाकर अलग-अलग राज्यों में और केंद्र में भाजपा की सरकार बनवाने में मदद की।

800 पदों पर भर्ती का मौका

लखनऊ । लखनऊ के ITI अलीगंज में 16 अक्टूबर को मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में कुल 800 पदों पर युवाओं का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में ऑटोमोबाइल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड और ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी बैक्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी।

लखनऊ- डीसीएम ने साइकिल से जा रहे छात्रों को रौंदा

एक का सिर कुचला, मौके पर ही मौत

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ में रविवार को सड़क हादसे में 12 साल के छात्र की मौत हो गई। वह अपने दोस्त के साथ साइकिल से सामान खरीदने जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार डीसीएम ने पीछे से रौंदते हुए आगे निकल गया। छात्र के सिर पर पहिया चढ़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा दोस्त घायल हो गया है।

परिजन उसे लेकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। डॉक्टरों के मुताबकि, उसकी हालत नाजुक बनी है। घटना दोपहर दो बजे माल इलाके की है। आरोपी चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर डीसीएम को कब्जे में लिया है। दोनों 5वीं के छात्र थे।

छात्र कुंज शनिवार दोपहर अपने दोस्त प्रीत के साथ साइकिल से सामान खरीदने जा रहा था। यूको बैंक के पास पहुंचने पर पीछे से चोकर लादकर आ रही डीसीएम ने उसे रौंदते हुए आग निकल गई। डीसीएम का पहिया कुंज के सिर पर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा दोस्त घायल हो गया।

प्रीत की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बेटे की मौत से मात-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

जेपीएनआईसी में बिना रोक-टोक अंदर पहुंचे, जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

सरकार के 40 दिन बचे हैं, जनता इन्हें हराने जा रही है : अखिलेश

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में अखिलेश यादव ने शनिवार को जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (JPNIC) में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। 3 साल बाद सपा प्रमुख यहां माल्यार्पण कर पाए। उनके JPNIC जाने के ऐलान के बाद शनिवार रात JPNIC पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी।

शनिवार सुबह 11 बजे अखिलेश कार्यकर्ताओं के साथ JPNIC पहुंचे। इस दौरान वहां पुलिसकर्मियों की संख्या कम थी और बैरिकेडिंग भी हटी हुई थी। पुलिस ने अखिलेश को देखकर गेट खोल दिया। वह अंदर चले गए। पुलिस ने



कुछ कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की, लेकिन वे भी अंदर घुस गए। अखिलेश ने जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माला पहनाई और गुलाब के फूल चढ़ाए। इसके बाद उन्होंने कहा- सरकार के लोग सब बेचना चाहते हैं। कितने रुपयों में इसे बेचा गया होगा। 2027 में जनता इन्हें हराने जा रही है। परिवर्तन होना शुरू हो गया, अब 40 दिन बचे हैं।

सीएम के अयोध्या से लड़ने के ऑफर पर सपा प्रमुख ने कहा-पवन (पवन पांडेय) के हवा में सब बह जाएंगे। अहंकारी लोग बच नहीं पाएंगे। बीजेपी के लोगों से पूछना, क्या सीएम टिकट बांटते हैं? खुद लाइन में लगना पड़ता है। वह अपने लिए तो टिकट मांगते ही हैं?। अपने लोगों को मांगने के लिए भी लाइन में लगते हैं।

जिस सरकार के अंदर डर होता है, वह अन्याय करती है

जिस सरकार के अंदर डर होता है, वह अन्याय करती है। कौन नहीं जानता कि बीजेपी के लोग अन्याय करते हैं। चुनाव आयोग का काम ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाना है, मगर ये चुनाव में वोट न डलवाने का काम करवा रहे हैं। कौन नहीं जानता कि इलेक्शन कमीशन ने वोट चोरी करवाई है।



अमेरिका ने लाल सागर में अपना वॉरिशप आईजनहॉवर तैनात किया है।

जेपीजी के आंदोलन ने सरकार को हिला दिया था

अखिलेश यादव ने कहा- जयप्रकाश जी दबे-कुचले लोगों के लिए हमेशा खड़े रहे। जितनी पीड़ा होगी, उतनी जल्दी बदलाव होगा। ये बदलाव ही है, जो हम यहां तक आए। जेपीजी संपूर्ण क्रांति के जनक थे। उनके आंदोलन ने उस समय की सरकार को हिला दिया था। पहली बार जनता पार्टी की सरकार बनी। जेपीजी ने देश में चरम सीमा पर पहुंची महंगाई और प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ नेतृत्व दिया, जिससे परिवर्तन हुआ। उन्होंने समाजवादी मूल्यों को लेकर आर्थिक समानता और सबको जोड़ने वाली संपूर्ण क्रांति का नारा दिया। आज हम उनके विचारों पर चल रहे हैं। जेपीजी ने अंग्रेजों के खिलाफ गांधीजी के साथ लड़ाई लड़ी।

महाराजा अग्रसेन जयंती पर अखिलेश यादव ने किया नमन, 12 अक्टूबर को प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी समाजवादी व्यापार सभा

यूपीआई पर एमडीआर चार्ज के विरोध में व्यापारियों के साथ खड़ी रहेगी सपा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश मुख्यालय स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि उनके राज में किसी बाहरी व्यक्ति को बसने के लिए एक ईंट और एक सिक्का देने की परंपरा असल समाजवाद का उदाहरण है। इस अवसर पर समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल और प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अखिलेश यादव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने 15 अक्टूबर 2026 से यूपीआई भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) चार्ज लगाए जाने के संबंध में जानकारी दी। व्यापारियों ने आशंका जताई कि इस व्यवस्था से फुटकर दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी, गुमटी और खोमचे वालों सहित अन्य व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। साथ ही ग्राहकों के साथ भुगतान को लेकर विवाद की स्थिति भी बन सकती है। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने बताया कि 12 अक्टूबर, सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों में जिला एवं महानगर संगठन के नेतृत्व में यूपीआई भुगतान पर एमडीआर चार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व





अखिलेश यादव ने यूपीआई भुगतान पर एमडीआर चार्ज लगाने का विरोध करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी दुकानदारों और व्यापारियों के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पार्टी के समर्थन का भरोसा दिया।

एमएलसी संजय लाठर, पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय, राष्ट्रीय सचिव अविलेश सिंह, उत्तर विधानसभा प्रत्याशी पूजा शुक्ला, प्रदेश सचिव डॉ. अजय चौरसिया, अरविंद केसरवानी, समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय जायसवाल, अपर्णा जैन, अक्षय जैन अरिहंत, डॉ. सुधीर अवस्थी, रवि जायसवाल, रामज्ञान गुप्ता, अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव एडवोकेट सुमित जायसवाल, श्याम कृष्ण गुप्ता, मनीष सिंह, सूचना प्रभारी एडवोकेट अभिषेक गुप्ता, लखनऊ जिलाध्यक्ष संजय यादव, एडवोकेट अमित यादव बगही और आनंद अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आशियाना में बृज की रसोई का महाप्रसाद वितरण

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में प्रथम नवरात्र के अवसर पर इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी की ओर से संचालित सेवा प्रकल्प बृज की रसोई ने आशियाना में महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें करीब दो हजार जरूरतमंदों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में चना-आलू, चावल, बूंदी और केले का वितरण किया गया। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा कि भूखे को भोजन कराना मानवता की सहज और सार्थक सेवा है। बिना भेदभाव जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराना समानता, बंधुत्व और मानवीय गरिमा के मूल्यों को मजबूत करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि बृज की रसोई का उद्देश्य सेवा को निरंतर सामाजिक दायित्व बनाना है। इसी क्रम में संस्था प्रत्येक रविवार को सेवा दिवस के रूप में जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन



नवरात्र पर जरूरतमंदों को चना-आलू, चावल, बूंदी और केले बांटे गए


उपलब्ध कराती है। बलवंत सिंह ने कहा कि नवरात्र का आयोजन आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का संगम बना। वहीं, जालिम सिंह ने कहा कि यह आयोजन जरूरतमंदों के सम्मान और आत्मीयता को समर्पित रहा। सेवा के दौरान बच्चों, बुजुर्गों, श्रमिकों और अन्य जरूरतमंदों ने भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम के संचालन में जालिम सिंह, सत्यम वर्मा और अनुराग दुबे सहित अनेक स्वयंसेवकों ने सहयोग किया।

मांग : बोले- लोकतंत्र की हत्या की है; प्रदर्शनकरियों को टांग कर ले गई पुलिस

सपाइयों ने ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में रविवार को समाजवादी पार्टी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। हजरतगंज चौराहे पर ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं के हाथ में 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' के पोस्टर थे। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को पुतला फुंकने से रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में धक्का मुक्की हुई। पुलिस के ऊपर प्रदर्शनकारियों ने अभद्रता का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि ज्ञानेश कुमार ने वोट चोरी करके लोकतंत्र की हत्या की है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंभ बचाने के लिए सड़क से



सपा कार्यकर्ताओं ने बीच सड़क पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाया।

सदन तक हम संघर्ष करेंगे। पुलिस प्रदर्शनकारियों को वैन में भरकर इको गॉर्डन ले गई। प्रदर्शन कर रही रिंकी सिंह ने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र की हत्या की है। जब तक उनका इस्तीफा नहीं हो जाएगा हम लोग सड़क पर रहेंगे। 35 करोड़ से ज्यादा वोट चोरी करके अलग-अलग राज्यों में और केंद्र में भाजपा की सरकार बनवाने में मदद की है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनके इशारे पर पूरा चुनाव आयोग भाजपा के लिए काम कर रहा है। हम लोग लोकतंत्र को बचाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे।

प्रदर्शन कर रहे अभिषेक ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव लंबे समय से वोट चोरी का मुद्दा उठा रहे हैं। हमने कई बार वोट चोरी का साक्ष्य भी दिया फिर भी चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान नहीं लिया।



अब जिस तरह से एक अंग्रेजी अखबार ने इस पूरे चुनाव आयोग के चेहरे को बेनकाब किया है, इससे स्पष्ट हो गया कि चुनाव आयोग के मिलीभगत से ही भाजपा सरकार में आ रही है। अगर चुनाव आयोग ना होता तो कभी भी भारतीय जनता पार्टी सत्ता में ना आती।

'वोट चोरी से बनी सरकार'

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चुनाव आयोग मर चुका है। भाजपा का पिट्ठू बनकर लगातार बेइमानी करवा रहा है। इन लोगों ने पहले बिहार और पश्चिम बंगाल लूटा। अब उत्तर प्रदेश को लूटने की तैयारी कर रहे हैं। ज्ञानेश कुमार को हटाए बिना यूपी में चुनाव नहीं होगा। इन्होंने लोकतंत्र को बेहद कमजोर करने का काम किया है।

राजधानी में गोमती पुल से युवक-युवती ने लगाई छलांग

दो थानों की पुलिस तलाश में जुटी, एसडीआरएफ मौके पर पहुंची

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के मड़ियांव के चैला स्थित गोमती पुल से रविवार शाम एक युवक और युवती ने नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहले युवक ने पुल से छलांग लगाई। इसके बाद युवती ने अपनी चप्पल उतारी और नदी में कूद गई। घटना के बाद पुल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों की तलाश शुरू कराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक के नदी में कूदने के बाद युवती ने भी पुल से छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही मड़ियांव और ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोर नाव की मदद से नदी में दोनों की तलाश कर रहे हैं। देर शाम



तक युवक और युवती का पता नहीं चल सका था। गोमती में छलांग लगाने वाले युवक और युवती की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने के साथ ही दोनों की पहचान करने में जुटी है। मामले में मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा का कहना है लड़के का जूता पुल पर मिला है। झगड़े के बाद कूदने की आशंका है, हालांकि अभी पहचान नहीं हो पाई है।

एसडीआरएफ भी मौके पर पहुंच गई है। वहीं ठाकुरगंज पुलिस का कहना है युवती के पुल से छलांग लगाने की जानकारी मिली है। मौके पर चप्पल मिली है, पहचान में टीम लगी है।

गोमती नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। नदी की धारा में तेज बहाव होने की वजह से तलाश में समस्याएं भी आ रही है। मौके पर मौजूद एसडीआरएफ तलाश में लगी है लेकिन तेज बहाव के चलते युवक युवती के आगे निकल जाने की संभावना है। अभी दोनों की कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। कुछ देर सर्च अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद अधिक अंधेरा हो जाने पर तलाश रोक दी जाएगी। अगले दिन फिर अभियान शुरू होगा।

शव के पास बैठा रहा हत्यारा, पास पड़ा मिला शराब का पौव्वा, कुल्हाड़ी बरामद

कुल्हाड़ी और ईंट से कूचकर साधु की हत्या

वारदात

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक साधु की बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि सोते समय दूसरे साधु ने उल्टी कुल्हाड़ी (तबल) से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। इसके बाद ईंट से चेहरा कुचल दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भागने के बजाय वहीं बैठा रहा। सुबह एक दुकानदार ने बरामदे में खून से लथपथ शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। घटनास्थल से कुल्हाड़ी, देसी शराब का पौव्वा, कुचला हुआ गिलास


बबलू, मृतक

और कमंडल का ढक्कन बरामद हुआ है। पुलिस हत्या के पीछे की वजह का पता लगाने में जुटी है। जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर जियानखेड़ा निवासी बबलू (32) ने चार साल पहले लखनऊ के बुद्धेश्वर मंदिर से दीक्षा ली थी। इसके बाद वह साधु बनकर रहने लगा था। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात लखनऊ से लौटने के बाद वह अतरौली-कोथावां मार्ग पर अपने घर से करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित दुकानों के बरामदे में ठहरा था। ये दुकानें सैर बहादुरपुर निवासी यादवेंद्र सिंह की बताई गई हैं।

हत्या की वजह जानने में जुटी पुलिस

पुलिस आरोपी मुन्नी उर्फ मुंशीलाल से पूछताछ कर रही है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, वारदात से पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था, लेकिन हत्या की असल वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस घटनास्थल से मिले सामान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की पड़ताल के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कहासुनी के बाद कुल्हाड़ी और ईंट से हमला

आरोप है कि दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर मुन्नी उर्फ मुंशीलाल ने बबलू पर हमला कर दिया। उसने उल्टी कुल्हाड़ी (तबल) से उसके सिर पर कई वार किए। इसके बाद ईंट से चेहरा कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार नहीं हुआ और वहीं बैठा रहा। हालांकि, विवाद किस बात को लेकर हुआ और हत्या की असल वजह क्या थी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

गांव से निकाले जाने के बाद बरामदे में पहुंचा आरोपी

जानकारी के अनुसार, आरोपी मुन्नी उर्फ मुंशीलाल पाही गांव के एक मंदिर की देखरेख करता था। शनिवार रात मंदिर की महिला पुजारी से उसका विवाद हो गया था। इसके बाद ग्रामीणों ने उसे गांव से बाहर निकाल दिया। बताया जा रहा है कि गांव से निकलने के बाद वह दुकानों के बरामदे में पहुंचा, जहां बबलू ठहरा हुआ था। दोनों के बीच रविवार तड़के करीब चार बजे किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।



66 बबलू चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। परिवार के मुताबिक, उसके दो भाइयों की बीमारी के कारण पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि उसकी इकलौती बहन लुधियाना में रहती है। बबलू अविवाहित था। बेटे की हत्या की खबर मिलते ही उसकी मां शिव देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

बाराबंकी के जहांगीराबाद में हुआ हादसा, बीमारी से थे परेशान

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में पांच बच्चों की परवरिश और परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहे एक व्यक्ति की मौत से घर में मातम पसरा है। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के रोटी गांव में रविवार सुबह करीब 42 वर्षीय बदलू गौतम का शव घर से कुछ दूरी पर आम के पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक, बदलू गौतम पुत्र तिलकू रोटी गांव में अपने परिवार के साथ रहते थे। रविवार सुबह उनका शव घर के पास स्थित एक आम के पेड़ से लटका मिला। घटना का पता चलते ही परिजनों में



चीख-पुकार मच गई। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में भी घटना को लेकर चर्चा शुरू हो गई। हालांकि, उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। अक्सर खराब रहती थी तबीयत बताया जा रहा है कि बदलू गौतम की तबीयत अक्सर खराब रहती थी और उनकी दवा भी चल रही थी। हालांकि, बीमारी और उनकी मौत के बीच किसी संबंध की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

फास्ट न्यूज

नवरात्रि में मिशन शक्ति टीम मंदिरों तक पहुंची

उन्नाव। उन्नाव में शारदीय नवरात्रि के दौरान मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर उन्नाव पुलिस ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। एसएसपी के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने मंदिर परिसरों और गांवों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा के उपायों और आपात-कालीन सहायता सेवाओं की जानकारी दी।

मां काली के दरबार में उमड़े भक्त

हरदोई। हरदोई में शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को शहर के प्राचीन मां काली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 5 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही भक्त दर्शन के लिए कतारों में लगने लगे। सुबह करीब 8:30 बजे तक मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना और हवन का क्रम जारी रहा। श्रद्धालुओं ने मां काली के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना की। शहर का मां काली मंदिर करीब 200 साल पुराना बताया जाता है। स्थानीय मान्यताओं के चलते यहां नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरोह गिरफ्तार

हरदोई। हरदोई की साइबर पुलिस ने विदेश में नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो शातिर सदस्यों को मध्य प्रदेश के मुरैना जिले से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तों के कब्जे से 6 मोबाइल फोन और 35,670 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

उन्नाव में ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

उन्नाव-मगरवारा स्टेशन के बीच करोवन मोड़ क्रॉसिंग पर हुआ हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी



उन्नाव। उन्नाव में सदर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी सिलोली गांव निवासी बकरीदी की रविवार दोपहर करीब दो बजे लखनऊ कानपुर रेलवे रूट पर उन्नाव मगरवारा रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा करोवन मोड़ रेलवे क्रॉसिंग के पास हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, गढ़ी सिलोली गांव निवासी बकरीदी (45) वर्ष करोवन मोड़ रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गए। ट्रेन से टकराने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर आरपीएफ और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। बकरीदी की मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में भी घटना को लेकर शोक का माहौल है।

दरोगा ने घर में घुसकर महिला को जड़ा थप्पड़

सास को भी पीटा उन्नाव में दहेज केस में समझौते का दबाव बना रहा था

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में एक दरोगा ने महिला को केस में समझौता करने को लेकर थप्पड़ जड़ दिया। महिला के घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट की। महिला का आरोप है कि इस दौरान उसकी सास से भी मारपीट की गई। वीडियो बनाने की कोशिश करने पर मोबाइल तोड़ दिया गया। महिला ने बताया कि 7 अक्टूबर को दरोगा विद्या सागर शुक्ला उनके घर पहुंचे। उन्होंने वारंट दिखाने और महिला कांस्टेबल की मौजूदगी को लेकर सवाल किया तो वह उसे धक्का देते हुए घर में घुस गए। इसके बाद कमरे में तलाशी लेने लगे, जहां उनके पति खाना खा रहे थे। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। महिला के अनुसार उनकी ननद का दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पिछले 5 सालों से चल रहा है। आरोप है कि केस वापस लेने के लिए ससुराल पक्ष की



सास से मारपीट और मोबाइल तोड़ने का दावा

रेनू के अनुसार, विवाद के दौरान उनकी सास के साथ भी मारपीट की गई। उन्होंने घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की तो मोबाइल फोन तोड़ने का आरोप लगाया। महिला ने कहा कि उन्होंने थाने में शिकायत दी और तीन बार चक्कर लगाए। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देने के साथ आईजीआ-रएस पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मामले में दरोगा विद्यासागर शुक्ला से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि वह एफएसएल के प्रशिक्षण में हैं और बाद में बात करेंगे। वहीं, पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जाएगी।

20 हजार रुपए मांगने का लगाया आरोप

महिला का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उनसे पूछा कि रुपए तैयार हुए या नहीं। इंतजाम नहीं होने की बात कहने पर गाली-गलौज की गई। रेनू ने दरोगा विद्यासागर शुक्ला पर 20 हजार रुपए मांगने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रकम का इंतजाम नहीं होने के कारण वह रुपए नहीं दे सकीं।

ओर से दबाव बनाया जा रहा था। महिला का कहना है कि मामले को लेकर उनके परिवार के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। रविवार को वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने प्रकरण का संज्ञान लेकर जांच कराने की बात कही है। शुक्लागंज के कृष्णानगर निवासी अंचल कश्यप ने आरोप लगाया है कि दरोगा ने उनके साथ थाने में मारपीट की और बाद में चालान कर दिया। अंचल के मुताबिक, उनकी बहन निशा कश्यप की शादी साल 2019 में मंशाखेड़ा निवासी रामजी कश्यप से हुई थी। करीब पांच साल पहले विवाद के बाद निशा ने पति, ननद और चचेरे सास-ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि ससुरालीजन लगातार सुलह करने का दबाव बना रहे थे। अंचल का आरोप है कि सात अक्टूबर को इसी मामले में पहुंचे दरोगा ने रुपये मांगे और मारपीट की।

66 अंचल ने बताया कि 20 सितंबर 2026 को निशा की सास घर के बाहर पहुंचीं और मारपीट व गाली-गलौज का आरोप लगाया। इस पर 112 पर शिकायत की गई। थाने और आईजीआरएस पोर्टल पर भी शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का दावा किया। इसी दिन निशा की चचेरी सास मूर्ति कश्यप ने गंगाघाट कोतवाली में अंचल, मनीष, अयोध्या और राधा कश्यप के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया।

धान के खेत में मिला महिला का सिर कटा शव

चरित्र पर शक में उजड़ा पांच साल का वैवाहिक रिश्ता, हरदोई में पति पर कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या का आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

मृतका दुर्गा की शादी करीब पांच वर्ष पहले घुमईया निवासी लल्ला सिंह पुत्र स्वर्गीय जगरूप सिंह से हुई थी। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद होने की बात कही जा रही है। आरोप है कि विवाद के दौरान लल्ला सिंह ने कुल्हाड़ी से हमला कर दुर्गा की हत्या कर दी। इसके बाद महिला का शव धान के खेत में मिला। हालांकि, घटना से पहले दोनों के बीच क्या हुआ था और वारदात किन परिस्थितियों में हुई, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

हरदोई। हरदोई। हरदोई में पत्नी की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रविवार, 11 अक्टूबर को सांडी रोड पर घुमईया पुल के पास धान के खेत में 23 वर्षीय महिला का सिर कटा शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान दुर्गा (23), पुत्री गुड्डू, निवासी नगरा थाना सवायजपुर, हरदोई के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी पति लल्ला सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने की आशंका जताई जा रही है।

हालांकि, हत्या की परिस्थितियों


आरोपी लल्ला सिंह

और घटना के पीछे की वास्तविक वजह का पता पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

आरोपी पति हिरासत में, पूछताछ जारी

पुलिस ने मामले में आरोपी पति लल्ला सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जांच के दौरान हत्या के कारणों, घटनाक्रम और वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एएसपी पूर्वी ने दी घटना की जानकारी

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुबोध गौतम ने बताया कि रविवार सुबह घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

धान के खेत में मिला महिला का सिर कटा शव

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 10:30 बजे सांडी रोड पर घुमईया पुल के निकट धान के खेत में महिला का शव पड़ा मिला। शव की हालत देखकर इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू की। महिला की पहचान होने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच के लिए फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए, ताकि वारदात से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने शव का नियमानुसार पंचायतनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और उसे पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

जनसेवा केंद्र संचालक का फंदे से लटका मिला शव

रात में नशे की हालत में घर आया था, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में बघौली थाना क्षेत्र के हड़हा गांव में जनसेवा केंद्र संचालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। शनिवार रात करीब 8:15 बजे परिजनों ने कमरे में शव देखा। इसके बाद उसे नीचे उतार लिया। रविवार सुबह 9 बजे पुलिस को सूचना दी गई। दोपहर 2:30 बजे शव का पोस्टमार्टम कराया गया। हड़हा निवासी श्रीचन्द्र का 30 वर्षीय अविवाहित बेटा अमित कुमार गांव के बाहर जनसेवा केंद्र चलाता था। वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। परिजनों के मुताबिक, शनिवार रात अमित नशे की हालत में घर आया और अपने कमरे में चला गया। देर तक बाहर नहीं निकलने पर परिजन कमरे में पहुंचे। वहां उसका शव फंदे से लटका मिला। मृतक के भाई ललित ने बताया कि अमित शराब का आदी था। उसकी



तबीयत भी अक्सर खराब रहती थी। घटना के बाद परिजनों ने शव को फंदे से नीचे उतार लिया। रविवार सुबह पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई ललित ने बताया कि अमित शराब का आदी था। उसकी तबीयत भी अक्सर खराब रहती थी। घटना के बाद परिजनों ने शव को फंदे से नीचे उतार लिया। रविवार सुबह पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कार्यक्रम : चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 200 पुलिसकर्मियों को फॉरेंसिक विज्ञान की ट्रेनिंग मिली

उन्नाव पुलिस की जांच अब वैज्ञानिक सबूतों से होगी मजबूत

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में अपराधों की गुत्थी सुलझाने और दोषियों को सजा दिलाने में वैज्ञानिक साक्ष्यों की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है। इसी को लेकर रविवार को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्नाव पुलिस के करीब 200 पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। एसएसपी जय प्रकाश सिंह और सीओ हसनगंज तेज बहादुर सिंह सहित विभिन्न थानों के निरीक्षक, उपनिरी-क्षक और अन्य पुलिसकर्मी इसमें शामिल हुए। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को वैज्ञानिक तरीकों से अपराधों की जांच करने और विवेचना को अधिक सटीक बनाने के लिए प्रशिक्षित करना रहा।





गुणवत्तापूर्ण विवेचना पर पुलिस का फोकस

एसएसपी जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न थानों से करीब 200 पुलिसकर्मियों की सहभागिता को पुलिस की व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उन्नाव पुलिस अपराध नियंत्रण के साथ गुणवत्तापूर्ण विवेचना और न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए प्रशिक्षण पर जोर दे रही है। कार्यक्रम से मिली तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी का इस्तेमाल पुलिसकर्मी भविष्य में आपराधिक मामलों की जांच के दौरान कर सकेंगे। इससे विवेचना को अधिक वैज्ञानिक, निष्पक्ष और प्रभावी बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। साक्ष्यों का सही तरीके से संकलन और संरक्षण अभियोजन को मजबूत बनाने के साथ न्यायालय में उनकी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए भी जरूरी है।

घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने की मिली तकनीकी जानकारी

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित 'पुलिस कार्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रमः वैज्ञानिक विवेचना के लिए फॉरेंसिक विज्ञान और वैज्ञानिक साक्ष्य' में पुलिसकर्मियों को घटनास्थल से मिलने वाले भौतिक और वैज्ञानिक साक्ष्यों के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही साक्ष्यों के उचित संकलन, संरक्षण, परीक्षण और विवेचना में उनके विधिसम्मत उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि घटनास्थल से जुटाया गया प्रत्येक साक्ष्य जांच की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। साक्ष्य जुटाने में लापरवाही या उनके संरक्षण में कमी से विवेचना प्रभावित हो सकती है। ऐसे में वैज्ञानिक प्रक्रियाओं की जानकारी पुलिसक-र्मियों के लिए महत्वपूर्ण है। पराधिक मामलों की जांच में फॉरेंसिक विज्ञान का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। घटनास्थल से प्राप्त वैज्ञानिक साक्ष्य अपराध की परिस्थितियों का पता लगाने, घटनाक्रम की पुष्टि करने और आरोपों की जांच में मददगार साबित होते हैं।



ड्रोन से निगरानी के बाद आबकारी-विभाग की छापेमारी

36 लीटर कच्ची शराब बरामद, 450 किलो महुआ लहन नष्ट किया

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग विशेष अभियान चला रहा है। इसी क्रम में रविवार सुबह पुरवा तहसील के तीन गांवों में ड्रोन की मदद से संदिग्ध स्थानों की निगरानी कर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध शराब से जुड़े ठिकानों की जांच की। छापेमारी के दौरान आबकारी विभाग की टीम को 36 लीटर कच्ची शराब मिली। इसके अलावा मौके पर करीब 450 किलो महुआ लहन बरामद होने पर उसे नष्ट कर दिया गया। मामले में आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग के मुताबिक, अवैध शराब की बिक्री,



निर्माण और परिवहन रोकने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डीएम, एसपी और उप आबकारी आयुक्त, लखनऊ प्रभार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह और पीपी टंडन ने अपनी टीम तथा स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की। आबकारी विभाग की टीम ने पुरवा तहसील के गौरी, चित्ताखेड़ा और जनवारनखेड़ा गांवों में दबिश दी। विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सम्पादकीय

एक और आवश्यक पत्र



एक ऐसे समय जब मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के खिलाफ विपक्ष संकीर्ण राजनीतिक कारणों से मोर्चा खोले हुए है और काकरोच जनता पार्टी भी दिल्ली में धरना-प्रदर्शन के लिए उतर आई, तब 124 पूर्व अधिकारियों का जनता के नाम जारी किया गया पत्र समूचे देश के ध्यानाकर्षण की मांग करता है।

इसलिए करता है, क्योंकि भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय विदेश सेवा के इन पूर्व अधिकारियों के इतने बड़े समूह ने अपने पत्र में कुछ ऐसी बातों का उल्लेख किया है, जिनकी अनदेखी करना कठिन है। उनका यह कहना बिल्कुल सही है कि संदेह प्रमाण का पर्याय नहीं हो सकता। विडंबना यह है कि एसआईआर को लेकर जो संदेह खड़े किए जा रहे हैं, वे तिल का ताड़ बनाने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं। एसआईआर जैसी व्यापक एवं गहन प्रक्रिया में छोटी-मोटी त्रुटियां होना स्वाभाविक हैं, लेकिन इन त्रुटियों को वोट चोरी का नाम देना और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश करार देना जनता को गुमराह करना ही है। इस तरह की कोशिश न केवल संस्थाओं की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाती है, बल्कि लोकतंत्र के प्रति जनता के भरोसे को कमजोर करने का भी काम करती है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और मुख्य चुनाव आयुक्त भी संवैधानिक पद पर आसीन हैं।

यदि विपक्ष के पास एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर उनके खिलाफ कोई ठोस प्रमाण हैं तो उसे सड़कों पर उतरने के स्थान पर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष जाना चाहिए। वैसे भी सुप्रीम कोर्ट एसआईआर के विभिन्न पहलुओं की सुनवाई कर रहा है। विपक्ष को यह समझना होगा कि किसी झूठ को बार-बार दोहराने से वह सत्य नहीं हो जाता।

पूर्व नौकरशाहों ने अपने पत्र में इसका भी उल्लेख किया है कि उनमें से अनेक चुनाव प्रक्रिया के संचालन में शामिल रहे हैं और उन्होंने वह दौर भी देखा है, जब चुनावों में वास्तव में बड़े पैमाने पर धांधली होती थी। यह न केवल विचित्र, बल्कि हास्यास्पद भी है कि अभी हाल तक मतदाता सूचियों में तमाम अशुद्धियों और विशेष रूप से फर्जी वोटरों के शामिल होने की शिकायत करने वाले विपक्षी दल इन अशुद्धियों को दूर करने की प्रक्रिया के खिलाफ अपुष्ट आरोपों की आड़ में चुनाव आयोग के विरुद्ध माहौल बनाए हुए हैं। ऐसा लगता है कि वे एसआईआर की सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट पर भी भरोसा करने के लिए तैयार नहीं हैं। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। यदि लोकतंत्र की दुहाई देने वाले राजनीतिक दल सुप्रीम कोर्ट जैसी संवैधानिक संस्था पर भी भरोसा नहीं करेंगे तो वे अपनी विश्वसनीयता ही खोएंगे। विपक्ष को पूर्व नौकरशाहों के पत्र पर भी आत्मचिंतन करना चाहिए और इसके पहले लिखे गए पूर्व न्यायाधीशों के पत्र पर भी।

वनाधिकार कानून: कागज पर हक, जमीन पर इंतजार

> 66
> वनाधिकार अधिनियम ने स्वीकार किया कि अनुसूचित जनजातियों और दूसरे परंपरागत वनवासियों के साथ ऐतिहासिक अन्याय हुआ है तथा उनके परंपरागत अधिकारों को पर्याप्त कानूनी मान्यता नहीं मिली।



जंगल को बचाने वाली पीढ़ियां आज अपने ही जंगल पर अधिकार साबित करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं। जिन आदिवासी और परंपरागत वनवासी समुदायों ने जंगलों के साथ जीना सीखा, उनकी रक्षा की और अपनी संस्कृति को प्रकृति के साथ विकसित किया, उन्हें आज भी अपनी जमीन और आजीविका के लिए कानूनी मान्यता का इंतजार करना पड़ रहा है। यह केवल प्रशासनिक उदासीनता का मामला नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक अन्याय का विस्तार है, जिसे दूर करने के लिए वनाधिकार अधिनियम, 2006 बनाया गया था। कानून लागू हुए करीब दो दशक बीत चुके हैं, लेकिन सवाल जस का तस है—क्या वनवासियों को उनका हक मिला, या अधिकारों की घोषणा के बाद उन्हें सरकारी प्रक्रियाओं के हवाले छोड़ दिया गया? 9 अक्टूबर 2026 को कोलकाता में वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन पर आयोजित दूसरे क्षेत्रीय समीक्षा सम्मेलन ने इस सवाल को फिर सामने ला दिया। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की पहल पर आयोजित इस सम्मेलन में पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा, झारखंड, ओडिशा, बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। आंध्र प्रदेश को वनाधिकार पत्रों के डिजिटलीकरण, सरकारी अभिलेखों में उनके दर्जीकरण और लाभार्थियों को आजीविका योजनाओं से जोड़ने के अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। सितंबर में बेंगलुरु में आयोजित पहला क्षेत्रीय सम्मेलन इसी समीक्षा प्रक्रिया की अगली कड़ी था।

सम्मेलन का उद्देश्य लंबित दावों के निपटारे में आने वाली बाधाओं को पहचानना और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के रास्ते तलाशना था। उद्देश्य अच्छा है, लेकिन सवाल यह है कि समीक्षा बैठकों से निकलने वाले निर्णय उन गांवों तक कब पहुंचेंगे, जहां लोग पीढ़ियों से जंगल पर निर्भर हैं? किसी सम्मेलन की सफलता अधिकारियों की प्रस्तुतियों या जारी निर्देशों से नहीं, बल्कि इस बात से तय होनी चाहिए कि कितने वंचित परिवारों को अधिकार मिला और कितने समुदायों की जिंदगी में वास्तविक बदलाव आया।

जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, 30 जून 2026 तक देशभर में 54,01,561 वनाधिकार दावे प्राप्त हुए थे। इनमें 25,42,359 दावों के तहत अधिकार पत्र वितरित किए गए, 18,13,232 दावे खारिज हुए और 10,45,970 लंबित थे। ये आंकड़े राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की मासिक प्रगति रिपोर्ट पर आधारित थे। कोलकाता सम्मेलन से संबंधित विवरण में 31 अगस्त 2026 तक की स्थिति को मोटे तौर पर 54 लाख से अधिक प्राप्त दावों, लगभग 25 लाख जारी अधिकार पत्रों, करीब 11 लाख लंबित दावों और 18 लाख से अधिक खारिज दावों के रूप में बताया गया। जून और अगस्त की स्थितियां अलग-अलग तारीखों की हैं, इसलिए दोनों को एक ही समय का आंकड़ा मानना उचित नहीं होगा। हालांकि, इन आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन की प्रक्रिया अभी अधूरी है। देशभर में लाखों दावों का लंबित रहना केवल प्रशासनिक आंकड़ा नहीं है। हर लंबित दावे के पीछे एक परिवार, उसकी आजीविका और उसके भविष्य का सवाल हो सकता है। इसी तरह, किसी दावे का खारिज होना भी अपने आप में अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता। यह जानना जरूरी है कि दावे किन कारणों से अस्वीकृत हुए, क्या आवेदकों को निर्णय की जानकारी मिली और क्या उन्हें अपील या पुनर्विचार का अवसर दिया गया। आवेदन का निपटारा कर देना और न्याय सुनिश्चित करना अलग-अलग बातें हैं। इस कानून का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत जमीन पर अधिकार देना नहीं, बल्कि समुदायों के परंपरागत वन संसाधनों पर अधिकारों को भी पहचानना है। इसके बावजूद क्रियान्वयन में व्यक्तिगत अधिकार पत्रों पर ध्यान केंद्रित रहने और सामुदायिक अधिकारों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिलने का सवाल उठता रहा है।

दूरदराज के गांवों में रहने वाले वनवासियों के पास पुराने भूमि दस्तावेज हमेशा उपलब्ध नहीं होते। कई बार वन विभाग और राजस्व विभाग के अभिलेखों में जमीन की सीमाओं और उपयोग को लेकर अंतर होता है। ऐसी स्थिति में केवल कागजी साक्ष्यों के आधार पर निर्णय लेना कानून के उद्देश्य को कमजोर कर सकता है। स्थानीय परंपराओं, उपलब्ध साक्ष्यों और जमीन के परंपरागत उपयोग को समझना भी जरूरी है। इसका अर्थ यह नहीं कि जांच की जरूरत समाप्त हो जाए, बल्कि यह है कि जांच की प्रक्रिया न्यायपूर्ण हो और दस्तावेजों की कमी के कारण पात्र व्यक्ति अपने अधिकार से वंचित न रह जाए।

वनाधिकार कानून के तहत व्यक्तिगत वनाधिकार, सामुदायिक वनाधिकार और सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों के बीच अंतर समझना जरूरी है। व्यक्तिगत वनाधिकार पात्र परिवारों के मान्य अधिकारों से संबंधित है। सामुदायिक वनाधिकार के अंतर्गत गांव के लोगों के परंपरागत उपयोग से जुड़े संसाधनों और अधिकारों को मान्यता मिल सकती है। इनमें लघु वनोपज, चराई, जलस्रोतों और दूसरे पारंपरिक संसाधनों के उपयोग से जुड़े अधिकार शामिल हो सकते हैं। सामुदायिक वन संसाधन अधिकार, जिसे संक्षेप में सीएफआरआर कहा जाता है, ग्रामसभा को परंपरागत रूप से उपयोग किए जाने वाले वन क्षेत्र के संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका देता है। सामुदायिक वनाधिकार और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार आपस में संबंधित हैं, लेकिन दोनों एक ही श्रेणी नहीं हैं। क्षेत्रीय समीक्षा सम्मेलन से संबंधित विवरण के अनुसार, 30 जून 2026 तक देश में 19,845 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्यता प्राप्त थे। यह संख्या सीएफआरआर से संबंधित है, सभी प्रकार के सामुदायिक वनाधिकारों की कुल संख्या नहीं। इसके बावजूद यह सवाल महत्वपूर्ण है कि कितनी ग्रामसभाएं अपने परंपरागत वन संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन में इन अधिकारों का वास्तविक इस्तेमाल कर पा रही हैं। जंगल पर निर्भर समुदायों की आजीविका महुआ, शहद, औषधीय पौधों, जलस्रोतों और चराई जैसे संसाधनों से जुड़ी होती है। व्यक्तिगत अधिकार पत्र मिलने से पूरे गांव के परंपरागत वन संसाधनों पर सामूहिक अधिकार अपने आप सुनिश्चित नहीं हो जाता। ग्रामसभा को केवल आवेदन तैयार करने या दस्तावेज प्रमाणित करने वाली संस्था समझना कानून की भावना के विपरीत होगा। उसे निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी और वन संसाधनों के संरक्षण तथा प्रबंधन में प्रभावी भूमिका मिलनी चाहिए। भूमि और वन अधिकारों के सवाल पर गांधीवादी कार्यकर्ता तथा एकता परिषद के संस्थापक पी. वी. राजगोपाल का दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है।

- कुमार कृष्णन

शारदीय नवरात्र - देवी दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की आराधना

आज से शारदीय नवरात्र प्रारम्भ हो गए हैं। 'नवरात्र' संस्कृत भाषा का एक शब्द है। इसका शाब्दिक अर्थ है नौ रातों का समय। इन नौ दिनों और रातों के दौरान शक्ति या देवी दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की आराधना करने का विधान है। हिन्दू वर्ष में कुल चार बार नवरात्र आते हैं। इनमें दो प्रकट नवरात्र होते हैं यानी चैत्र और शारदीय नवरात्र और दो गुप्त नवरात्र होते हैं यानी माघ और आषाढ़ के नवरात्र। इनमें से चैत्र नवरात्र और आश्विन माह के शारदीय नवरात्र सबसे अधिक प्रसिद्ध हैं। ये दोनों नवरात्र व्यापक रूप से मनाए जाती हैं।

इस नवरात्र पर्व का प्रभाव देश के विभिन्न भागों में दिखाई देता है। इन नौ दिनों में लोग व्रत रखकर और पूजा करके देवी को विभिन्न तरीकों से प्रसन्न करने का यत्न करते हैं।

नवरात्रि में खेतरी या खेतड़ी बोने की परम्परा बहुत शुभ मानी जाती है। इसे ज्वारे या जयंती भी कहते हैं। यह घर में सुख, समृद्धि, हरियाली और माँ दुर्गा की कृपा का प्रतीक होती है। नवरात्रि के पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि को एक साफ मिट्टी के बर्तन, कसोरे या गमले में गंगाजल और थोड़ी साफ मिट्टी डाली जाती है। इसके बाद जौ या गेहूं के बीज बोए जाते हैं और उस पर हल्का पानी छिड़का जाता है। नौ दिनों तक सुबह और शाम माता की पूजा के साथ खेतड़ी पर भी जल छिड़का जाता है। इसका विसर्जन अष्टमी के दिन किया जाता है। उस दिन यानी अष्टमी के ही दिन कन्याओं का पूजन किया जाता है। उनके पैर धोकर उन्हें भोजन, वस्त्र व दक्षिणा दी जाती है। कुछ लोग यह कन्या पूजन नवमी के दिन भी करते हैं। बंगाल में दुर्गापूजा का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है और दशहरे पर माँ दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन किया जाता है। गुजरात में इन दिनों गरबे की धूम होती रहती है। इन दिनों में कुछ श्रद्धालु भक्त माँ वैष्णो देवी के दरबार में जाकर अपनी हाजिरी लगाते हैं।

चन्द्र प्रभा सूद

1978 में फिल्म... | संतोष कुमार तिवारी

नाना पाटेकर : संघर्ष से शिखर तक का सफर



मुंबई की चमक-दमक और फिल्मी दुनिया की चकाचौंध से अलग अपनी पहचान बनाने वाले अभिनेता नाना पाटेकर का जीवन संघर्ष, संवेदनशीलता, सादगी और अद्भुत अभिनय प्रतिभा की ऐसी कहानी है, जिसे भारतीय सिनेमा लंबे समय तक याद रखेगा। 8 अक्टूबर 2026 को 75 वर्ष की उम्र में उनके निधन के साथ अभिनय की दुनिया का एक ऐसा अध्याय समाप्त हो गया, जिसमें एक कलाकार ने केवल पर्दे पर किरदार नहीं निभाए, बल्कि अपने हर किरदार में जीवन की सच्चाइयों को उतारने का प्रयास किया। नाना पाटेकर का असली नाम विश्वनाथ पाटेकर था। उनका जन्म 1 जनवरी 1951 को महाराष्ट्र के मुरुड-जंजीरा में हुआ था। उनका बचपन आर्थिक कठिनाइयों के बीच बीता। कम उम्र में ही उन्हें जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। परिवार की जिम्मेदारियों और सीमित संसाधनों ने उन्हें संघर्ष करना सिखाया। किशोरावस्था में फिल्म पोस्टर बनाने जैसे छोटे-मोटे काम करके उन्होंने अपनी जरूरतें पूरी कीं। उस समय शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि यही संघर्ष करने वाला युवक एक दिन भारतीय सिनेमा के सबसे प्रभावशाली अभिनेताओं में शामिल होगा। कला के प्रति उनका लगाव उन्हें सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट्स तक ले गया। इसके बाद रंगमंच उनके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। मराठी थिएटर में लंबे समय तक काम करते हुए उन्होंने अभिनय की बारीकियां सीखीं। रंगमंच ने उन्हें संवाद बोलने की कला ही नहीं सिखाई, बल्कि किरदार की आत्मा को समझने और उसे अपने भीतर उतारने की क्षमता भी दी। यही कारण रहा कि जब वह फिल्मों में आए तो उनका अभिनय बनावटी नहीं लगा, बल्कि जीवन के बेहद करीब दिखाई दिया।

1978 में फिल्म 'गमन' से उनके फिल्मी सफर की शुरुआत हुई। शुरुआती वर्षों में उन्हें बड़े सितारे के रूप में पहचान नहीं मिली। उन्होंने छोटे और सहायक किरदार निभाए, लेकिन उन्होंने कभी संघर्ष से समझौता नहीं किया। धीरे-धीरे उनकी प्रतिभा फिल्मकारों और दर्शकों की नजर में आने लगी। 1988 में 'सलाम बॉम्बे!' और उसके बाद 1989 में 'परिंदा' ने उनके करियर को नई दिशा दी। 'परिंदा' में उनके अभिनय ने यह साबित कर दिया कि नाना पाटेकर केवल एक अभिनेता नहीं, बल्कि किरदार को जीवंत कर देने वाले कलाकार हैं। इस फिल्म के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1994 में आई 'क्रांतिवीर' ने नाना पाटेकर को उस ऊंचाई तक पहुंचाया, जहां बहुत कम अभिनेता पहुंच पाते हैं। फिल्म में उनका किरदार अन्याय और भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने वाले व्यक्ति का था। उनकी आवाज, संवाद अदायगी और चेहरे के भावों ने दर्शकों के भीतर गहरी छाप छोड़ी। 'क्रांतिवीर' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। 'परिंदा', 'क्रांतिवीर' और 'अग्निसाक्षी' के लिए तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार हासिल करना उनके अभिनय की असाधारण क्षमता का प्रमाण है। नाना पाटेकर की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्हें किसी एक तरह के किरदार में बांधना संभव नहीं था। वह गंभीर भूमिकाओं में जितने प्रभावशाली रहे, उतने ही सहज हास्य भूमिकाओं में भी दिखाई दिए। 'तिरंगा', 'अंगार', 'अग्निसाक्षी', 'खामोशीः द म्यूजिकल', 'शक्तिः द पावर', 'अब तक छप्पन', 'अपहरण' और 'राजनीति' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय ने अलग-अलग रंग दिखाए। 2007 की 'वेलकम' में उदय शेट्टी का किरदार उनके अभिनय का बिल्कुल अलग पक्ष सामने लाया। गंभीर और आक्रामक भूमिकाओं के लिए पहचाने जाने वाले नाना ने इस फिल्म में हास्य का ऐसा रंग भरा कि उदय शेट्टी आज भी दर्शकों की स्मृति में जीवित है। अभिनय के साथ नाना पाटेकर ने निर्देशन में भी अपनी प्रतिभा दिखाई। 1991 में उन्होंने 'प्रहारः द फाइनल अटैक' का निर्देशन किया। सेना और सैनिकों के जीवन के प्रति उनका लगाव भी उनके व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। उनके लिए देशभक्ति केवल पर्दे पर निभाया जाने वाला किरदार नहीं थी, बल्कि जीवन में भी उसका अपना महत्व था। कारगिल युद्ध के दौरान सैनिकों के बीच उनकी मौजूदगी ने उनके इस जुड़ाव को और स्पष्ट किया। 2016 में आई मराठी फिल्म 'नटसम्राट' में उन्होंने एक सेवानिवृत्त रंगमंच अभिनेता की भूमिका निभाई। यह भूमिका जैसे उनके अपने रंगमंचीय जीवन और अभिनय अनुभव का आईना थी। उम्र, अकेलेपन, परिवार, रिश्तों और एक कलाकार की टूटती दुनिया को उन्होंने जिस गहराई से पर्दे पर उतारा, उसने एक बार फिर साबित किया कि अभिनय में उनकी पकड़ कितनी मजबूत थी।

भौगोलिक और... | डॉ0 सीमा गुप्ता

सरकारी अनुदान से जौनपुर के समृद्ध मौर्या ने स्थापित किया समृद्ध बी फार्म

जनपद जौनपुर के विकास खंड सिकारा अंतर्गत ग्राम सैदनपुर में परंपरागत मौनपालन को आधुनिक कृषि-व्यवसाय का स्वरूप देकर ग्रामीण युवाओं के लिए आर्थिक स्वावलंबन की नई मिसाल स्थापित की गई है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन और हनी मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से जनपद में कृषि विविधीकरण को एक सुदृढ़ और व्यावहारिक आधार प्राप्त हो रहा है। सैदनपुर निवासी समृद्ध मौर्या ने अपने परिवार में वर्ष 1992 से चली आ रही पारंपरिक मौनपालन की समृद्ध विरासत को वैज्ञानिक तकनीक और उद्यमशीलता से जोड़कर आय का मुख्य जरिया बनाया है। पूर्व में सीमित घरेलू स्तर पर संचालित इस कार्य को उन्होंने आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप एक संगठित और व्यावसायिक उपक्रम में परिवर्तित किया है। पारंपरिक खेती में बढ़ती लागत और सीमित मुनाफे के बीच समृद्ध मौर्या ने अपने पिता के तीन दशक लंबे व्यावहारिक अनुभवों से प्रेरणा लेकर मौनपालन को मुख्य आजीविका के रूप में चुना। परंपरागत ज्ञान की सीमाओं को समझकर उन्होंने आधुनिक पद्धतियों, वैज्ञानिक प्रबंधन और उत्पादन क्षमता के विस्तार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया।

इस अभिनव प्रयास को गति देने में प्रदेश सरकार के संबंधित विभाग का सहयोग अत्यंत निर्णायक साबित हुआ। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत संचालित हनी मिशन योजना के तहत उन्हें 40 प्रतिशत का वित्तीय अनुदान उपलब्ध कराया गया, जिससे आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास में अभूतपूर्व सहायता मिली।

शासन द्वारा प्रदत्त इस वित्तीय सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से उन्होंने उन्नत प्रजाति के मौनवंश (बी-कॉलोनी), आधुनिक बी-बॉक्स, स्वच्छता आधारित शहद निष्कर्षण यंत्र और संबंधित उपकरणों की व्यवस्थित व्यवस्था की। संसाधनों की इस वृद्धि ने मौनपालन को एक मजबूत व्यावसायिक आधारशिला प्रदान की। वैज्ञानिक तकनीकों के निरंतर अनुपालन का ही परिणाम है कि आज समृद्ध मौर्या की मौनपालन इकाई में प्रति बॉक्स से प्रतिवर्ष औसतन 40 से 50 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाले शुद्ध शहद का उत्पादन प्राप्त हो रहा है। उत्पादन का यह स्तर न केवल व्यक्तिगत रूप से उत्साहजनक है, बल्कि जनपद के अन्य कृषकों के लिए भी एक प्रेरक मानक है।

भौगोलिक और कृषिगत दृष्टि से जनपद जौनपुर मौनपालन के लिए अत्यंत अनुकूल परिस्थितियां प्रस्तुत करता है। गोमती और सई नदी की उपजाऊ घाटी, विस्तृत ग्रामीण भूभाग तथा रबी एवं खरीफ मौसम में विविध फसलों का आच्छादन मधुमक्खियों के लिए प्राकृतिक पराग और मकरंद की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करता है।

जनपद के सिकारा और समीपवर्ती विकास खंडों में सरसों, तिलहन, दलहन और मौसमी बागवानी फसलों का व्यापक रकबा मौजूद है। वैज्ञानिक दृष्टि से मधुमक्खी पालन केवल शहद उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर-परागण (क्रॉस-पॉलिनेशन) के माध्यम से फसलों और बागवानी की उत्पादकता में 20 से 30 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि भी करता है। कच्चे शहद की थोक बिक्री के पारंपरिक ढर्रे से आगे बढ़कर समृद्ध मौर्या ने मूल्य संवर्धन की दिशा में ठोस कदम उठाया।

जरा हटके

इस परिवर्तन में ... | जयेन्द्र सिंह

मेट्रो विस्तार से बदली उत्तर प्रदेश के शहरों की रफ्तार

उत्तर प्रदेश के शहरों में जनसंख्या, रोजगार और निजी वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है। ऐसे में सड़क चौड़ीकरण अकेले यातायात समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। वर्ष 2017 की शुरुआत में प्रदेश में कोई नियमित वाणिज्यिक मेट्रो सेवा संचालित नहीं थी। इसके बाद लखनऊ मेट्रो से शुरू हुई यात्रा नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर, आगरा और मेरठ क्षेत्र तक पहुंची। उत्तर प्रदेश आज देश के उन अग्रणी राज्यों में है जहां अनेक शहर आधुनिक मेट्रो या नगरीय रेल सेवाओं से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शहरी परिवहन को विकास और जीवन गुणवत्ता दोनों से जोड़ा है।

मेट्रो की उपयोगिता समय की बचत में सबसे पहले दिखाई देती है। निर्धारित समय सारिणी, अलग कॉरिडोर और नियमित आवृत्ति के कारण दैनिक यात्री अपनी यात्रा का पहले से ही अनुमान लगा सकते हैं। कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचते हैं, विद्यार्थी शिक्षण संस्थान और परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र तक भरोसे के साथ जा सकते हैं। सड़क जाम की अनिश्चितता कम होने पर शहर की उत्पादकता बढ़ती है। सुरक्षित स्टेशन, निगरानी, प्रकाश और आरक्षित सुविधाएं महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन को अधिक उपयोगी बनाती हैं।

लखनऊ में मेट्रो ने राजधानी के प्रमुख आवासीय, व्यावसायिक और परिवहन क्षेत्रों को जोड़ा है। कानपुर जैसे औद्योगिक शहर में मेट्रो ने घनी आबादी वाले मार्गों पर नया विकल्प दिया। आगरा में यह सेवा स्थानीय नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में आने वाले पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का नेटवर्क औद्योगिक तथा आईटी केंद्रों तक पहुंच आसान करता है। गाजियाबाद और मेरठ क्षेत्र में आधुनिक नगरीय रेल तथा क्षेत्रीय तीव्र परिवहन ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से संपर्क को नया स्वरूप दिया है। अलग शहरों की जरूरतों के अनुसार परियोजनाओं का विकास इस विस्तार की विशेषता है।

मेट्रो परियोजना निर्माण के दौरान और संचालन शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में तकनीकी तथा सेवा रोजगार उत्पन्न करती है। सिविल इंजीनियरिंग, विद्युत, सिग्नल, सुरक्षा, टिकटिंग, सफाई, रखरखाव और स्टेशन प्रबंधन में प्रशिक्षित मानव संसाधन की जरूरत होती है। स्टेशन के आसपास व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ती हैं और संपत्ति विकास को नई दिशा मिलती है। यदि बस, ई रिक्शा, पैदल मार्ग और पार्किंग का समन्वय हो तो मेट्रो का प्रभाव उसके कॉरिडोर से कहीं आगे तक पहुंचता है। यही बहु माध्यम व्यवस्था भविष्य के उत्तर प्रदेश के लिए आवश्यक है।

सार्वजनिक परिवहन का पर्यावरणीय लाभ भी महत्वपूर्ण है। बड़ी संख्या में यात्रियों को एक साथ ले जाने वाली विद्युत चालित सेवा निजी वाहनों पर निर्भरता और ईंधन खपत कम कर सकती है। इससे वायु प्रदूषण, शोर और सड़क दुर्घटनाओं में कमी की संभावना बनती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने मेट्रो विस्तार को स्मार्ट सिटी, शहरी पुनर्विकास और बेहतर सार्वजनिक सुविधा से जोड़ा है। लक्ष्य केवल ट्रेन चलाना नहीं, बल्कि ऐसा शहर बनाना है जहां काम, शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच आसान हो तथा विकास के साथ नागरिक का समय और स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहे।

शहरी परिवहन और मेट्रो सेवाएं के क्षेत्र में दिखाई देने वाला बदलाव एक दिन में नहीं आया। वर्ष 2017 की शुरुआत में नियमित वाणिज्यिक मेट्रो सेवा से वंचित उत्तर प्रदेश की स्थिति से लखनऊ से आगे नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर, आगरा और मेरठ क्षेत्र तक फैला आधुनिक नगरीय रेल नेटवर्क तक पहुंचने के लिए नीति की निरंतरता और विभागों के बीच समन्वय जरूरी था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में समयबद्ध परियोजना क्रियान्वयन, केंद्र राज्य समन्वय, बहु माध्यम परिवहन और स्वच्छ सार्वजनिक यातायात को प्राथमिकता मिली। इस प्रदेश में एक ऐसी परिसंपत्तियां और व्यवस्थाएं तैयार करना था जिनका लाभ नागरिक को प्रत्यक्ष रूप से मिले। इस दृष्टि ने शासन को परियोजना की घोषणा से आगे बढ़ाकर समयबद्ध क्रियान्वयन, नियमित समीक्षा और परिणाम के आकलन पर केंद्रित किया गया। यही कारण है कि इस क्षेत्र की उपलब्धियां प्रदेश के व्यापक परिवर्तन से जुड़ी दिखाई देती हैं।

लखनऊ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर, आगरा और मेरठ क्षेत्र की आवश्यकताएं एक जैसी नहीं हैं। किसी क्षेत्र को तेज संपर्क चाहिए, किसी को उद्योग, किसी को स्वास्थ्य संस्थान और किसी को पर्यटन सुविधाएं। राज्य सरकार ने क्षेत्रीय अंतर को स्वीकार करते हुए योजनाओं को स्थानीय क्षमता से जोड़ने का प्रयास किया। शहरी परिवहन और मेट्रो सेवाएं में हुआ विस्तार इसी सोच को दर्शाता है। इससे राजधानी और बड़े महानगरों के बाहर भी निवेश तथा सार्वजनिक सेवाओं का आधार मजबूत हुआ। क्षेत्रीय संतुलन इसलिए भी जरूरी है क्योंकि स्थानीय अवसर मिलने पर अनावश्यक पलायन घटता है और परिवार अपने सामाजिक परिवेश में रहते हुए बेहतर आय अर्जित कर सकते हैं।

इस परिवर्तन में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही की साझा भूमिका रही। परियोजना कितनी भी महत्वाकांक्षी हो, उसका लाभ तभी मिलता है जब भूमि, अनुबंध, समय सीमा और सार्वजनिक धन का प्रबंधन प्रभावी हो। नियमित समीक्षा ने अड़चनों की पहचान और समाधान को गति दी गई। डिजिटल प्रणालियों ने आवेदन, भुगतान तथा निगरानी में पारदर्शिता बढ़ाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अधिकारियों को परिणाम आधारित कार्य संस्कृति का संदेश दिया। इससे शहरी परिवहन और मेट्रो सेवाएं से जुड़ी योजनाओं में शासन की विश्वसनीयता मजबूत हुई और निजी क्षेत्र तथा नागरिकों की भागीदारी के लिए अनुकूल वातावरण बना।

रोजगार के दृष्टिकोण से शहरी परिवहन और मेट्रो सेवाएं का प्रभाव कई स्तरों पर पड़ता है। प्रत्यक्ष रोजगार के साथ निर्माण, परिवहन, रखरखाव, आपूर्ति, भोजन, आवास और स्थानीय सेवाओं की मांग बढ़ती है। दैनिक यात्री, विद्यार्थी, महिलाएं, कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी और पर्यटक को नए अवसर मिलते हैं। प्रशिक्षित युवाओं के लिए तकनीकी पद बनते हैं, जबकि छोटे उद्यमियों को सेवा और आपूर्ति का बाजार मिलता है।

अजय राय और ममता चौधरी भिड़े ■ राय बोले- मुझे गाली दी गई ■ प्रमोद तिवारी ने हाथ जोड़े

यूपी कांग्रेस कार्यालय में हुआ हंगामा, जूते चले, धक्कामुक्की



विरोध

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी कांग्रेस कार्यालय में रविवार को पदभार ग्रहण समारोह के दौरान कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। जूते-चप्पल चले और धक्का-मुक्की हुई। 30 मिनट तक हंगामा चलता रहा। विवाद तब शुरू हुआ, जब यूपी कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' और कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद के पदभार ग्रहण समारोह में पूर्व अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। उन्हें देखकर कांग्रेस नेता ममता चौधरी ने कहा- तुम्हारी शक्ल नहीं देखनी, यहां से चले जाओ।



- अजय राय और ममता चौधरी के समर्थकों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई।
- करीब 30 मिनट तक पार्टी कार्यालय में हंगामा चलता रहा। कार्यकर्ताओं ने दोनों पक्षों को अलग किया।



अजय राय प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं हुए, इमरान मसूद ने किया बचाव

पदभार ग्रहण के दौरान हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में अजय राय शामिल नहीं हुए। इस पर मीडिया कर्मियों ने इमरान मसूद से सवाल पूछा। उन्होंने अजय राय का बचाव करते हुए कहा- प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व अध्यक्ष के आने की परंपरा नहीं रही है। पार्टी कार्यालय में उनसे चार्ज ले लिया गया है। इमरान मसूद ने कहा- पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताया है। हमारा प्रयास है।

राय बोले- पार्टी विरोधी काम करने वालों पर कार्रवाई हो

हंगामे के बाद पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मीडिया से कहा- निश्चित तौर पर कुछ ऐसे लोग हैं, जो पार्टी विरोधी काम कर रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। अपने कार्यकर्ताओं के मायूस होने के सवाल पर उन्होंने कहा- हमारे सभी कार्यकर्ता खुश हैं। कोई ऐसा नहीं है। यह तो समय है, जो परिवर्तनशील है। यह एक सतत प्रक्रिया है। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। ममता चौधरी लखनऊ के मालवीय नगर की पार्षद हैं। बताया जाता है कि 2023 में किसी बात को लेकर उनकी अजय राय से कहासुनी हुई थी। इसके बाद राय ने ममता के पार्टी कार्यालय आने पर रोक लगा दी थी।

यह सुनकर अजय राय पीछे मुड़े और कहा- औकात में रहना। इसी दौरान उनके एक समर्थक ने जूता निकाल लिया। इसके बाद दोनों के समर्थकों में मारपीट शुरू हो गई। हंगामे के बाद अजय राय धरने पर बैठ गए। मामला बिगड़ता देख सांसद प्रमोद तिवारी और इमरान मसूद पहुंचे। प्रमोद तिवारी ने राय के सामने हाथ जोड़े। राय ने कहा- मुझे गाली दी गई।

अजय ने कहा- कैसे-कैसे लोगों को बुला लिया

हंगामे के दौरान अजय राय ने कहा- कैसे-कैसे लोगों को बुला लिया है। इस दौरान राय के एक समर्थक ने आराधना मिश्रा मोना से कहा- गाली नहीं देनी चाहिए। ऐसे नहीं होता है। क्यों बुलाएगी उसको? क्या बात बोल रही है, देखो। एक अन्य समर्थक ने कहा- बहुत गंदी बात है।

दिल्ली की ओर से आने वाली ज्यादातर ट्रेनें लेट

झांसी में शताब्दी-वंदे भारत 1 घंटे तो उत्कल एक्सप्रेस 5 घंटे देरी से पहुंची

तमसा संकेत, एजेंसी



झांसी। झांसी से दिल्ली जाने वाली 6 ट्रेनें आंदोलन के चलते निरस्त रहीं। अब दिल्ली से झांसी आने वाली ट्रेनों पर भी इसका असर दिखाई देने लगा है। पंजाब, उत्तराखंड और हरियाणा की ओर से दिल्ली के रास्ते आने वाली ट्रेनें कई घंटे की देरी से झांसी पहुंच रही हैं। इनमें शताब्दी, राजधानी और वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेनें भी शामिल हैं। शनिवार और रविवार को ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को अमृतसर से चलकर दिल्ली के रास्ते झांसी आने वाली ट्रेन नंबर 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर करीब 4 घंटे की देरी से पहुंची। झांसी पहुंचने में भी यह ट्रेन 2 घंटे 10 मिनट लेट रही। ट्रेन नंबर 12138 पंजाब मेल भी 1 घंटे 40 मिनट की देरी से झांसी पहुंची। प्रीमियम ट्रेनों पर भी देरी का असर दिखाई दिया। वहीं, ट्रेन नंबर 12442 नई दिल्ली-बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस 2 घंटे लेट रही। अन्य ट्रेनों में भी यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। ट्रेन नंबर 12650 हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 2 घंटे 25 मिनट, ट्रेन नंबर 20424 फिरोजपुर कैंट-सिवनी पातालकोट एक्सप्रेस 6 घंटे और ट्रेन नंबर 18478 योग नगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 5 घंटे की देरी से झांसी पहुंची।

फास्ट न्यूज

सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष विभा पाल ने दिया इस्तीफा

गाजीपुर। गाजीपुर में समाजवादी पार्टी की महिला सभा की जिलाध्यक्ष विभा पाल ने रविवार शाम करीब 5 बजे अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने जिला अध्यक्ष गोपाल यादव को सौंपे त्यागपत्र में निजी और अपरिहार्य परिस्थितियों को इस्तीफे की वजह बताया है। विभा पाल के इस्तीफे के बाद भाजपा की राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत से उनकी मुलाकात की खबर सामने आई है।

पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर। सहारनपुर के सरसावा थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस मुठभेड़ के दौरान दुष्कर्म के मुकदमे में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी है। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी पहचान कृष्णाराम पुत्र सुमारु निवासी अमलोरी बस्ती, थाना नया नगर, जिला सिंगरौली (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। वह वर्तमान में सरसावा रेलवे स्टेशन के पीछे एक खाली प्लॉट में रह रहा था।

अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती 2.0 के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 'समग्र अग्रवंश परिवार' की ओर से आयोजित इस यात्रा में क्षेत्र की विभिन्न सोसायटियों के अग्रवंश और वैश्य समाज के परिवारों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा के माध्यम से सामाजिक एकता, भाईचारे, सेवा और समरसता का संदेश दिया गया।

नेताजी को श्रद्धांजलि, 2027 में सपा सरकार का संकल्प

- आलापुर में हीरालाल यादव, विकास यादव और त्रिभुवन दत्त ने कार्यकर्ताओं से एकजुटता की अपील की

तमसा संकेत, संवाददाता



आलापुर (अम्बेडकरनगर)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर आलापुर विधानसभा क्षेत्र के इंदौर घिनहापुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के राजनीतिक संघर्ष, समाजवादी विचारधारा और जनसेवा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव मुख्य अतिथि, रामनगर ब्लॉक प्रमुख विकास यादव विशिष्ट अतिथि और आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त अध्यक्ष के रूप में मौजूद रहे। सपा नेता एवं अधिवक्ता राहुल दत्त यशवर्धन समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र यादव ने किया। मुख्य अतिथि हीरालाल यादव ने मुलायम सिंह यादव के व्यक्तित्व और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि नेताजी केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने समाजवादी आंदोलन में उनके योगदान, जनसरोकारों और राजनीतिक विरासत का उल्लेख किया।

सड़क पर गिरकर तड़पने लगा बुजुर्ग

सिपाही ने काफी देर तक सीपीआर दिया, आराम मिलने पर बुलाई एंबुलेंस

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के महानगर इलाके में रविवार दोपहर सब्जी लेकर घर लौट रहे एक बुजुर्ग अचानक सड़क पर गिर पड़े। उनके सीने में तेज दर्द उठा और वह सड़क पर तड़पने लगे। इस दौरान उनके हाथ से सब्जियां भी गिर गईं। बुजुर्ग को इस हालत में देखकर आसपास मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े। इसी बीच रहीमनगर चौकी पर तैनात सिपाही संदीप यादव ने तत्परता दिखाते हुए बुजुर्ग को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देना शुरू किया। काफी देर तक प्रयास करने के बाद बुजुर्ग को कुछ राहत मिलने की बात सामने आई। इसके बाद एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल भेजा गया। घटना रविवार दोपहर करीब 12 बजे महानगर चौराहे के पास की है। करीब 60 वर्षीय अनिल अपनी पत्नी के साथ बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके सीने में दर्द उठा और वह सड़क पर गिर पड़े। अचानक हुई इस घटना से उनकी पत्नी घबरा गईं।



घटना के बाद बुजुर्ग को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। अचानक सड़क पर तबीयत बिगड़ने की इस घटना के दौरान सिपाही की तत्परता और स्थानीय लोगों की मदद से बुजुर्ग को तत्काल सहायता मिल सकी।

- सिपाही ने काफी देर तक बुजुर्ग को सीपीआर दिया। उनकी सांस सामान्य करने की कोशिश की।

कोई पानी लेकर पहुंचा, तो किसी ने दवा देने की कोशिश की

बुजुर्ग को सड़क पर गिरा देखकर आसपास के लोग भी परेशान हो गए। कोई पानी लेकर पहुंचा तो कोई दवा लेकर मदद करने की कोशिश करने लगा। इस दौरान सिपाही संदीप यादव बुजुर्ग को प्राथमिक सहायता देने में जुटे रहे। मौके पर मौजूद लोगों और सिपाही की तत्परता के बीच बुजुर्ग को राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। इसके बाद एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल भेज दिया गया।

सिपाही संदीप यादव ने तुरंत दिया सीपीआर

इसी दौरान रहीमनगर चौकी पर तैनात सिपाही संदीप यादव की नजर बुजुर्ग पर पड़ी। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मदद शुरू की और बुजुर्ग को सीपीआर देना शुरू किया। सिपाही की तत्परता से मौके पर मौजूद लोगों को भी मदद के लिए आगे आने का मौका मिला। सड़क पर बुजुर्ग की हालत देखकर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई और सभी अपने-अपने स्तर पर सहायता करने में जुट गए।

मां की दूसरी शादी से नाराज था सौतेला बेटा, फुफेरे भाई के साथ वारदात को दिया अंजाम

30 साल के व्यापारी की गोली मारकर हत्या





तमसा संकेत, एजेंसी

रामपुर। रामपुर में 30 साल के व्यापारी की हत्या उसके सौतेले बेटे ने अपनी बुआ के लड़के के साथ मिलकर की थी। बेटा अपनी मां की दूसरी शादी से नाराज था। शनिवार को हुई इस वारदात का CCTV फुटेज भी सामने आया है। शाम करीब 5 बजे अपनी दुकान पर बैठे व्यापारी नवजोत सिंह पर कार से आए 2 हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोली लगते ही नवजोत जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद हमलावर कार से भाग गए। नवजोत के पिता निशान सिंह ने आरोप लगाया कि सौतेले बेटों ने अपने फुफेरे भाई के साथ मिलकर हत्या की। निशान सिंह ने सौतेले बेटे अवदीप, उसके भाई और बुआ के बेटे राजन दीप समेत 7 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराई है। दोनों सौतेले बेटे न्यूजीलैंड में रहते हैं। मामला जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर मिलक खानम थाना क्षेत्र का है। एडिशनल एसपी अनुराग सिंह ने बताया- नवजोत के सौतेले बेटे अवदीप ने अपने फुफेरे भाई राजन दीप के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। दोनों फरार हैं।



थाना प्रभारी नरेश कुमार ने बताया- घरवाले शनिवार रात करीब 11 बजे तक थाने में मौजूद थे। व्यापारी के पिता ने सौतेले बेटे समेत 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस उनकी तलाश कर रही है। रविवार शाम करीब साढ़े 4 बजे नवजोत का शव अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले जाया जा रहा था। इसी दौरान नवजोत की मां जगजीत कौर और पत्नी कमल कौर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गईं। इसके बाद करीब 15 मिनट तक सीओ बिलासपुर हर्षिता सिंह ने घरवालों को आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद घरवालों ने नवजोत का अंतिम संस्कार किया। नवजोत के पिता निशान सिंह ने बताया- बहू के दोनों सौतेले बेटे इस शादी से नाराज थे। वह नहीं चाहते थे कि उनकी मां दूसरी शादी करे। अवदीप 5 दिन पहले ही न्यूजीलैंड से लौटा था। उसने अपनी बुआ के बेटे राजन दीप के साथ मिलकर नवजोत की हत्या की साजिश रची। मेरी बहू की जान को खतरा है, उसे सुरक्षा दी जाए। CCTV फुटेज में नवजोत अपनी दुकान में एक अन्य व्यक्ति से खड़े होकर बात कर रहे हैं। इसी दौरान दुकान के सामने सिल्वर रंग की अल्टो कार आकर रुकती है। चेहरे पर कपड़ा बांधे 2 लोग कार से उतरते हैं। इनमें से एक पिस्टल लेकर दुकान के अंदर पहुंचता है। दूसरा व्यक्ति भागकर छिप जाता है। जबकि, युवकों के हाथ में हथियार देखकर नवजोत उनको पकड़ने दौड़ते हैं। इसी दौरान हमलावर राजन दीप उन पर फायर कर देता है। दोनों गुत्थमगुत्था हो जाते। तभी दूसरा हमलावर अवदीप पीछे से आकर गोली चला देता है।

सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में अम्बेडकरनगर अव्वल

जिलाधिकारी ईशा प्रिया के नेतृत्व में विकास एवं राजस्व कार्यों में हासिल की बड़ी उपलब्धि

कृष्ण कुमार दुबे



अम्बेडकरनगर। सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद अम्बेडकरनगर ने प्रथम स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया के कुशल नेतृत्व, प्रभावी प्रशासनिक निगरानी और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से जनपद को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और राजस्व संबंधी कार्यों में तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के साथ ही जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और आपसी समन्वय पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। इस उपलब्धि में मुख्य विकास अधिकारी वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह सहित जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नियमित समीक्षा, प्रभावी अनुश्रवण और निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने की दिशा में किए गए प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है।

कार्यवाई : आर्मी जैसी ड्रेस पहनता, दिव्य दरबार लगाता था, विदेशों से आते थे भक्त

झांसी का काली बाबा हिस्ट्रीशीटर निकला

तमसा संकेत, एजेंसी

झांसी। झांसी में काली सरकार बाबा उर्फ प्रदीप शुक्ला हिस्ट्रीशीटर निकला। रविवार दोपहर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वह वेश बदलकर मंदिर में रह रहा था। वह आर्मी जैसी ड्रेस पहनता था और दिव्य दरबार लगाता था। हर बीमारी ठीक करने का दावा करता था। उसके दिव्य दरबार में देश ही नहीं, विदेशों से भी लोग आते थे। इंस्टाग्राम पर उसके एक लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। काली सरकार हरदोई के चौहान थोक का रहने वाला है। 3 साल पहले मारपीट के मामले में पेश नहीं होने पर हरदोई कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। तब से वह फरार था। मामला मऊरानी थाना क्षेत्र का है। हिस्ट्रीशीटर काली सरकार बाबा उर्फ प्रदीप शुक्ला उर्फ नटरोज लूट और



मारपीट के मामलों में वांछित था। हरदोई से भागने के बाद वह मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के कुरैंचा गांव स्थित काली सरकार मंदिर में रहने लगा था। यहां उसने अपना नाम बदलकर सत्यानंद शुक्ला उर्फ काली सरकार रख लिया था। साथ ही, बाबा बनकर दिव्य दरबार लगाने लगा था। उसके दरबार में सैकड़ों लोग पहुंचते थे। वह लोगों की बीमारियां ठीक करने और दूसरी समस्याओं का समाधान करने का दावा करता था। मऊरानीपुर सीओ रत्नेश्वर सिंह ने बताया- प्रदीप शुक्ला के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। 1993 में पुलिस ने उसे लूट के एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद 1998 में उसके खिलाफ मारपीट का एक और मामला दर्ज हुआ था। दोनों मामलों में वह कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। इसके बाद कोर्ट ने उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी कर दिए थे। हरदोई पुलिस करीब 12 साल से उसकी तलाश कर रही थी। कुछ समय पहले हरदोई पुलिस को बाबा के झांसी में होने के बारे में पता चला। पुलिस ने जांच की, तो उसके ठिकाने का भी पता चल गया। रविवार को हरदोई और मऊरानीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मंदिर में दबिश देकर काली सरकार बाबा उर्फ प्रदीप शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया। बाबा ने करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम पर 'काली सरकार' के नाम से पेज बनाया था। इस पर उसके एक लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वह शुक्रवार, शनिवार और रविवार को दिव्य दरबार लगाता था। स्थानीय लोगों के लिए बुधवार



को भी दरबार लगाता था। इन दरबार में वह हर बीमारी ठीक करने और दूसरी समस्याओं का समाधान करने का दावा करता था।

कृष्णानगर में दोहरे हत्याकांड का खुलासा, पत्नी और बेटी की हत्या करने वाला पिता गिरफ्तार

फिर मोबाइल चार्जर की केबल से घोंटा गला, पारिवारिक कलह बताई वजह

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के भोलाखेड़ा मानस नगर में पत्नी और बेटी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पारिवारिक कलह और मानसिक तनाव के चलते वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कथित तौर पर हत्या में इस्तेमाल मोबाइल चार्जर की डाटा केबल और दरवाजों के दो कुंदे बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 9 अक्टूबर 2026 को प्रिया साहू निवासी भोलाखेड़ा मानस नगर ने थाने में तहरीर देकर अपने पिता रविन्द्र शंकर पर मां श्यामदुलारी (करीब 55 वर्ष) और बहन पूजा (करीब 32 वर्ष) की हत्या करने का आरोप लगाया था। शिकायत के आधार पर कृष्णानगर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 422/2026, धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने नामजद आरोपी रविन्द्र शंकर साहू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी बड़ी बेटी पूजा का पहले दो बार विवाह हो चुका था, लेकिन दोनों वैवाहिक संबंध विवादों के चलते सामान्य नहीं रह सके। पुलिस के अनुसार, बेटी के कथित संबंधों को लेकर परिवार में अक्सर विवाद होता था। आरोपी ने पत्नी और बेटी के बीच आरोप-प्रत्यारोप तथा घरेलू कलह के कारण मानसिक तनाव में रहने की बात कही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने घटना वाली रात चुपके से चाय में नींद की गोलियां मिलाकर पत्नी और बेटी को पिला दीं। दोनों के गहरी नींद में सो जाने के बाद उसने पहले पत्नी श्यामदुलारी और फिर बेटी पूजा का मोबाइल चार्जर की केबल से गला कस दिया। पुलिस का कहना है कि इसी तरीके से दोनों की हत्या की गई। कृष्णानगर पुलिस ने आरोपी रविन्द्र शंकर साहू (करीब 55 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय बृजलाल, निवासी भोलाखेड़ा मानस नगर, लखनऊ को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने मामले में मोबाइल चार्जर की एक डाटा केबल और दरवाजों के दो कुंदे बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त तरुण गाबा और संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार के निर्देश पर, पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन तथा संबंधित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में कृष्णानगर पुलिस टीम ने की।

रिटायर्ड लेखाकार से 72.74 लाख ठगे

एटीएस अफसर बनकर 34 दिन डिजिटल अरेस्ट रखा, कहा- तुम्हारे आतंकियों से कनेक्शन

कार्यवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। साइबर ठगों ने पुलिस और एटीएस अधिकारी बनकर नगर निगम के रिटायर्ड लेखाकार विनोद कुमार श्रीवास्तव को 34 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर उनकी जीवनभर की कमाई ठग ली। आरोपियों ने आतंकी फंडिंग के मामले में फंसाने, जेल भेजने और एनकाउंटर करने की धमकी देकर उनसे 72 लाख 74 हजार 900 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। ठगी का शिकार होने के बाद पीड़ित ने हिम्मत जुटाकर अपने परिवार को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पत्नी-बेटे को बताने पर पूरे परिवार को जेल भेजने की धमकी

ठगों ने 21 अगस्त से 23 सितंबर तक विनोद कुमार को व्हाट्सएप कॉल के जरिए डिजिटल अरेस्ट में रखा। उन्हें धमकाया गया कि अगर उन्होंने पत्नी या बेटे को इस मामले की जानकारी दी तो पूरे परिवार को जेल भेज दिया जाएगा। इस डर से वह परिवार से भी अपनी परेशानी साझा नहीं कर सके। बैंक जाने के दौरान भी वह दहशत में रहते थे। आखिरकार हिम्मत जुटाकर उन्होंने अपने बेटे को पूरी बात बताई। इसके बाद साइबर क्राइम पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत की गई और साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

आतंकी फंडिंग में फंसाने का डर दिखाया

आरोपियों ने विनोद कुमार को कथित बैंक खाते और करोड़ों रुपये के लेनदेन का हवाला देकर आतंकी फंडिंग के मामले में फंसाने का डर दिखाया। पुलिस कार्रवाई और जेल जाने की आशंका से वह घबरा गए। ठगों ने इसी डर का फायदा उठाया और उन्हें अपने निर्देशों के मुताबिक चलने के लिए मजबूर किया। डिजिटल अरेस्ट के ऐसे मामलों में ठग खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर पीड़ित पर लगातार दबाव बनाते हैं।

एफडी तुड़वाकर खातों में जमा कराए 72.74 लाख रुपये

पीड़ित को अपने जाल में फंसाने के बाद आरोपियों ने उनकी जमा पूंजी पर निशाना साधा। उन्होंने विनोद कुमार की सभी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) तुड़वाकर रकम बचत खाते में ट्रांसफर कराई। इसके बाद 27 अगस्त से 18 सितंबर के बीच अलग-अलग फर्मों के बैंक खातों में कुल 72 लाख 74 हजार 900 रुपये जमा कराए गए। इस तरह ठगों ने उनकी जीवनभर की कमाई पर हाथ साफ कर दिया। काफी समय तक आरोपियों के दबाव और धमकियों का सामना करने के बाद विनोद कुमार ने हिम्मत जुटाई और परिवार को पूरी घटना बताई। इसके बाद मामले की शिकायत साइबर थाने में की गई।




इन फर्मों में जमा कराए रुपए

- मित्तल ट्रेडिंग: 22.80 लाख रुपए
- ऑटोटेक: 3.51 लाख रुपए
- अर्बन कबाड़ सॉल्यूशंस: 30.40 लाख रुपए
- कैफे बक्स: 16.03 लाख रुपए

अंबेडकरनगर की 25 ग्रामीण सड़कें होंगी गड्ढामुक्त, 8.83 करोड़ मंजूर

42.50 किमी मार्गों के कायाकल्प को शासन की हरी झंडी

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले के ग्रामीण इलाकों में जर्जर सड़कों से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है। गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने वाली 25 सड़कों की मरम्मत और गड्ढामुक्त करने के लिए शासन ने 8 करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक की धनराशि मंजूर की है। कुल 42.50 किलोमीटर लंबे इन मार्गों का कायाकल्प राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद कराएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होने की उम्मीद है। शासन की ओर से स्वीकृत 883.08 लाख रुपये में मंडी विकास निधि से 314.43 लाख और सेस परिषद अंश से 568.65 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इन सड़कों की मरम्मत के लिए एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय ने अप्रैल और मई में प्रस्ताव भेजे थे। प्रस्तावों पर विचार के बाद शासन ने चयनित मार्गों पर कार्य कराने की स्वीकृति दे दी है। स्वीकृत सूची में घटकना ताराखुर्द से इब्राहिमपुर मुबारकपुर, बेवाना से उदयपुर निषाद बस्ती, दुर्बल के खेत से रायपट्टी होते हुए जूनियर हाईस्कूल कदियापुर, शुकुलपट्टी से टेकनपुर कदनापुर और चिनगी से भरथुआ संपर्क मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा आनंदनगर चौराहे से बड़ी नहर के किनारे टिकुलीगंज पिच मार्ग, भिखारीपुर से श्रवणक्षेत्र, बसिया संपर्क मार्ग, डंडारी गांव से जोलहापुर, जीवत नर्सरी से गोलपुर और अकबरपुर-मालीपुर मार्ग से गानेपुर तक सड़क की मरम्मत कराई जाएगी।

फास्ट न्यूज

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सहायक प्रॉक्टर को धमकी

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (AMU) में छात्रसंघ बहाली के आंदोलन के दौरान जेल भेजे गए आरिज खान पर अब सहायक प्रॉक्टर को धमकी देने के आरोप में FIR दर्ज हुई है। कॉमर्स विभाग के सहायक प्रोफेसर और सहायक प्रॉक्टर डॉ. मोहम्मद नैयर रहमान की शिकायत पर सिविल लाइंस पुलिस ने सकलैन और आरिज खान को नामजद किया है।

मुरादाबाद में कीचड़ के छींटे पड़ने पर फायरिंग

मुरादाबाद। मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में चिश्ती मियां के मेले में कीचड़ के छींटे पड़ने पर विवाद हो गया। आरोप है कि स्कॉर्पियो सवार युवकों ने बाइक सवार युवक पर कई राउंड फायरिंग कर दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना के बाद मेले में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटना खबड़िया भूड़ गांव की है, जहां चिश्ती मियां का मेला लगा हुआ है।

मथुरा-वृंदावन में नवरात्र की धूम

मथुरा। आज से शारदीय नवरात्र शुरू हो गए हैं। पहले दिन रविवार को मथुरा-वृंदा-वन समेत पूरे ब्रज में देवी मंदिर माता रानी के जयकारों से गूंज उठे। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा की और घरों में घट स्थापना कर नौ दिन की पूजा शुरू की। मथुरा के गोविंद नगर स्थित महाविद्या देवी मंदिर का संबंध रामलीला की परंपरा से बताया जाता है।

गोवर्धन में बनेगा प्रेस क्लब, पत्रकारों ने लिया एकजुट होकर निर्माण का संकल्प

ठाकुर प्रकाश सिंह बोले- एक-एक रुपया जुटाकर बनाएंगे अपना आशियाना

तमसा संकेत, संवाददाता



गोवर्धन। धार्मिक नगरी गोवर्धन में रविवार को वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी ठाकुर प्रकाश सिंह ने अपने पत्रकार साथियों के साथ दानघाटी मंदिर में गिरिराज जी का दुग्धाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने गिरिराज महाराज से सभी के सुख-समृद्धि और क्षेत्र में सुख-शांति की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के बाद कस्बे के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकारों की बैठक आयोजित की गई। इसमें पत्रकारों की एकजुटता मजबूत करने और गोवर्धन में स्थायी प्रेस क्लब के निर्माण को लेकर चर्चा हुई। बैठक में चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार भी मौजूद रहे। बैठक में पत्रकारों ने आपसी सहयोग और एकता को मजबूत बनाने पर जोर दिया। साथ ही प्रेस क्लब के निर्माण के लिए सामूहिक रूप से पहल करने पर विचार-विमर्श किया गया। पत्रकारों का मानना है कि प्रेस क्लब बनने से उन्हें आपसी संवाद, बैठकों और पत्रकारिता से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक स्थायी स्थान मिल सकेगा। इस अवसर पर ठाकुर प्रकाश सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और उनकी एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। गोवर्धन में प्रेस क्लब का निर्माण किसी एक व्यक्ति के भरोसे नहीं, बल्कि सभी पत्रकारों के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने कहा, "हम खुद एक-एक रुपया एकत्रित करेंगे और अपना आशियाना खुद बनाएंगे। जब सभी साथी मिलकर कदम बढ़ाएंगे, तो गोवर्धन में प्रेस क्लब बनाने का सपना जरूर साकार होगा।"

नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

भक्तों ने पूजा अर्चना की, घर-घर ढोल-बैंड के साथ पहुंचीं मां दुर्गा की प्रतिमाएं

तमसा संकेत, एजेंसी



आगरा। नवरात्रि के पहले दिन रविवार को ताजनगरी आगरा में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदिरों में मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। मंदिरों में भक्तों ने विधि-विधान से पूजा कर माता का आशीर्वाद लिया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, शहर के गली-मोहल्लों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना को लेकर तैयारियां तेज हो गईं। बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ प्रतिमाएं लेकर जाते श्रद्धालुओं के बीच माता के जयकारे गूंजते रहे। शहर के विभिन्न इलाकों में दुर्गा पंडाल सजाए जाने लगे हैं। मंदिरों में उमड़ी भीड़ और पंडालों में चल रही तैयारियों के बीच नवरात्रि की रौनक दिखाई देने लगी है। नवरात्रि के पहले दिन सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदिरों में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। राजा की मंडी स्थित चामुंडा देवी मंदिर और कमला नगर स्थित लक्ष्मी मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन किए। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिरों में धार्मिक माहौल बना रहा और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ माता की आराधना में जुटे दिखाई दिए। नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही मंदिरों में आस्था और भक्ति का संगम देखने को मिला। मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ ही शहर के अलग-अलग इलाकों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना को लेकर भी हलचल तेज रही। दुर्गा पूजा समितियों और आयोजकों ने पंडालों को सजाने और प्रतिमाओं की स्थापना के लिए तैयारियां शुरू कर दीं। कई स्थानों पर पंडालों को आकर्षक रूप देने का काम किया जा रहा है। प्रतिमा स्थापना को लेकर आयोजकों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। शनिवार रात से ही शहर के विभिन्न हिस्सों में नवरात्रि को लेकर तैयारियों की रफ्तार बढ़ गई थी। शहर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को पंडालों तक पहुंचाने का सिलसिला भी शुरू हो गया। श्रद्धालु बैंड-बाजे और ढोल के साथ माता की प्रतिमाएं लेकर जाते दिखाई दिए। इस दौरान मां दुर्गा के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। प्रतिमाओं को पंडालों में स्थापित करने के लिए आयोजक जुटे रहे। स्थापना के बाद इन स्थानों पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में दर्शन-पूजन और दुर्गा पंडालों की तैयारियों ने शहर में त्योहार की रौनक बढ़ा दी। श्रद्धालुओं में माता की आराधना को लेकर उत्साह नजर आया। आने वाले दिनों में पंडालों में पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों के साथ नवरात्रि का उल्लास और बढ़ने की उम्मीद है। आगरा में नवरात्रि की शुरुआत आस्था, भक्ति और उत्साह के माहौल में हुई।



महिलाओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना की।

एमआईईटी के विद्यार्थियों को फ्रांस में पढ़ाई का अवसर

सिविल इंजीनियरिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन

तमसा संकेत, संवाददाता



मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) ने फ्रांस के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान बिल्डर्स इकोल देंजिनियर के साथ शैक्षणिक सहयोग की पहल की है। इस साझेदारी के तहत संस्थान में सिविल इंजीनियरिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया। यह पहल एमआईईटी के विद्यार्थियों को फ्रांस में उच्च शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय करियर के अवसर दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कार्यक्रम में बताया गया कि प्रस्तावित पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी प्रारंभिक दो वर्ष एमआईईटी में पढ़ाई करेंगे, जिसके बाद अगले तीन वर्ष फ्रांस के बिल्डर्स इकोल देंजिनियर में अध्ययन कर मास्टर डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। इस व्यवस्था से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक अनुभव, आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों की समझ और वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसरों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान, शैक्षणिक आदान-प्रदान, आधुनिक अनुसंधान और संयुक्त परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को टिकाऊ निर्माण, आधुनिक अवसंरचना, बंदरगाह योजना, डिजिटल इंजीनियरिंग और नवीनतम निर्माण तकनीकों से जोड़ना है।

कार्यक्रम में बिल्डर्स इकोल देंजिनियर के डायरेक्टर ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. गिलाउम कारपेंटियर और आईआईटी खड़गपुर के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. मोहम्मद सऊद अफजल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रो. कारपेंटियर ने पोर्ट प्लानिंग एंड लेआउट विषय पर व्याख्यान देते हुए बंदरगाहों की योजना, डिजाइन, प्रबंधन और भविष्य की चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रो. मोहम्मद सऊद अफजल ने फ्रांस में उच्च शिक्षा, शोध के अवसरों और करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

अलीगढ़ में एचडीएफसी बैंक को 1.03 करोड़ की चपत, बैंक की अनुमति

बिना बैंक अनुमित 65 लाख में बेची मॉरगेज संपत्ति

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़। HDFC बैंक से 95 लाख रुपये का होम लोन लेकर गिरवी रखी गई संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा बैंक की अनुमति के बिना बेचने का मामला सामने आया है। बैंक की आंतरिक जांच में आरोप लगाया गया है कि कर्ज लेने वाले नेहा गुप्ता और सह-ऋणधारक रजनीश वार्ष्णेय ने रामबाग कॉलोनी स्थित मॉर्गेज प्रॉपर्टी का 213.20 वर्ग मीटर हिस्सा 25 जुलाई 2019 को पवन तिवारी के नाम 65 लाख रुपये में बेच दिया। बैंक का दावा है कि इस सौदे से उसके सुरक्षा हित प्रभावित हुए और उसे कुल 1,03,68,633 रुपये की वित्तीय क्षति हुई। बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक पवन सिंह की शिकायत पर दोनों के खिलाफ क्वार्सी में रविवार को एफआईआर दर्ज कराई गई है। बैंक की शिकायत के अनुसार, आंतरिक जांच में सामने आया कि ऋणधारकों ने बैंक की अनुमति, सहमति, अनापत्ति प्रमाणपत्र (NOC) या सूचना के बिना गिरवी रखी संपत्ति का 213.20 वर्ग मीटर हिस्सा बेच दिया। यह सौदा 25 जुलाई 2019 को पवन तिवारी के पक्ष में 65 लाख रुपये में किया गया। शिकायत में पवन तिवारी का पता प्रतिभा कॉलोनी फेज-2, कोल, अलीगढ़ बताया गया है। बैंक के अनुसार, बिक्री विलेख का पंजीकरण उपनिबंधक प्रथम, अलीगढ़ के कार्यालय में कराया गया था। इसका विवरण बही संख्या 1, जिल्द संख्या 14448, पृष्ठ संख्या 385 से 406 और दस्तावेज संख्या 6575 के रूप में दर्ज है।



2016 में स्वीकृत हुआ था 95 लाख का होम लोन

HDFC बैंक के लखनऊ कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ प्रबंधक और विवेचना अधिकारी पवन सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि बैंक ने होम लोन खाता संख्या 619899331 के तहत 30 मई 2016 को 95 लाख रुपये का ऋण वितरित किया था। इस ऋण में नेहा गुप्ता मुख्य ऋणधारक और रजनीश वार्ष्णेय सह-ऋणधारक थे। ग्राहक संख्या 44782469 दर्ज है।

लोन के बदले रामबाग कॉलोनी, मौजा क्वार्सी, तहसील कोल, अलीगढ़ स्थित संपत्ति संख्या 2/614 को गिरवी रखा गया था। शिकायत में संपत्ति का क्षेत्रफल 410 वर्ग गज यानी 342.8 वर्ग मीटर और खसरा संख्या 710 बताया गया है। बैंक के मुताबिक, 30 मई 2016 को CERSAI ट्रांजैक्शन आईडी 2000441XXXXX के जरिए संपत्ति पर उसका वैधानिक इक्विटेबल मॉर्गेज चार्ज दर्ज कराया गया था।

पृष्ठ 01 का शेष...

भारत के भविष्य के ...

मोदी बोले- नब्बे की दशक की शुरुआत में मैं कन्याकुमारी से कश्मीर की एकता यात्रा का हिस्सा बना था। गिरिजा अम्मा से तब से मेरा परिचय आज तक बना हुआ है। मेरी यात्राओं ने मुझे देश को समझने का मौका दिया। तमिल भाषा और संस्कृति के लिए जो प्रेम है, वह भी इसी अनुभवों से मिला। मोदी बोले- विश्व हिंदू विद्या केंद्र आज अपनी गोल्डन जुबली मना रहा है। यह माइल स्टोन जितना बड़ा है। इसकी यात्रा भी उतनी ही प्रेरणादायक है। एक छोटे से विद्यालय के रूप में इसकी शुरूआत हुई थी, तब यहां केवल 7 बच्चे थे। संसाधन सीमित थे। लेकिन एक चीज थी दृढ़ इच्छाशक्ति, इसलिए यह संस्थान हर कदम आगे बढ़ता रहा। पीएम ने कहा- समय के साथ एक छोटा सा प्रयास आज इतना बड़ा बन गया। मैं इस अवसर पर जयगोपाल गरोडिया के योगदान को याद करता हूं।विद्यालय के भवन को बनाने में उन्होंने योगदान दिया। मोदी ने कहा आज मैं आप सबसे मिलने यहां आया हूं। इसके पीछे भी एक दिलचस्प प्रेरणा है। हमारी गिरिजा अम्मा कुछ समय पहले नागरकोइल में मिली थीं। उनके देश के लिए समर्पण ने मेरे मन पर अमिट छाप छोड़ी थी। पीएम मोदी गोल्डन जुबली समारोह में स्पीच दे रहे हैं। उन्होंने सबसे पहले तमिल में सभी को 'वडक्कम' कहा। पीएम ने कहा- शिव-शक्ति की पावन भूमि तमिलनाडु में, मां सरस्वती के साधकों के बीच आने का अवसर मिला है। मुझे यहां आप सबकी आंखों में भारत का भविष्य दिख रहा है। पीएम ने कहा- मैं अपनी बात शुरू करूं उससे पहले बताना चाहूंगा कि मैं यहां देर से पहुंचा आपको असुविधा हुई, इसके लिए मैं आप सबसे क्षमा मांगता हूं। पीएम मोदी ने कहा- देश को मजबूत बनाने के लिए राज्यों को मजबूत करना जरूरी है। इसलिए केंद्र सरकार तमिलनाडु जैसे राज्यों में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दे रही है। केंद्र सरकार के 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियान से तमिलनाडु को भी फायदा हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा- मुख्यमंत्री के रूप में मुझे करुणानिधि और जयललिता के साथ कई बार बातचीत करने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे जयललिता, ओ. पन्नीरसेल्वम, ई. पलानीस्वामी और एम.के. स्टालिन के साथ काम करने का अवसर मिला। सरकारें बदलती रहीं, लेकिन तमिलनाडु के विकास और यहां के लोगों की सेवा करने का मेरा संकल्प कायम रहा। अब हम मुख्यमंत्री जोसेफ विजय के साथ इस यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। मोदी बोले- कुछ दिन पहले ही, आपके आशीर्वाद और देश की जनता के प्यार से मैंने सरकार के प्रमुख के तौर पर 25 साल पूरे करने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया। अक्टूबर 2001 में मैंने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। तब से देश की जनता ने मुझे पहले मुख्यमंत्री और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करने का अवसर दिया। पीएम मोदी ने कहा, आज तमिलनाडु के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। आज के कार्यक्रम में 13,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं। हम कई पूरी हो चुकी परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं और नई परियोजनाओं की आधारशिला रख रहे हैं। इनमें से कुछ परियोजनाएं रोजमर्रा की आवाजाही को आसान बनाएंगी, जबकि कुछ उद्योग और व्यापार को मजबूती देंगी। ये सभी मिलकर पूरे तमिलनाडु के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगी।

ज्ञानेश कुमार के ...

राहुल-प्रियंका गांधी और INDIA ब्लॉक के सांसदों ने पहले कनॉट प्लेस में लंच किया, फिर बसों से राजघाट पहुंचे। प्रदर्शन को देखते हुए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। राजघाट पर करीब एक घंटे इंतजार के बाद उन्हें अंदर जाने दिया। यहां सांसदों ने बापू को श्रद्धांजलि दी। राहुल और प्रियंका गांधी ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। इस बार दोनों जंतर-मंतर के 200 मीटर पहले सड़क पर बैठ गए। सुरक्षा बलों ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया तो प्रियंका संविधान की कॉपी लेकर सड़क पर लेट गईं। दिल्ली पुलिस ने आकाशवाणी ऑफिस में जबरन घुसने के आरोप में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई विपक्षी सांसदों के खिलाफ FIR दर्ज की है। शिकायत आकाशवाणी ऑफिस की ओर से की गई है पहले दिन इंडिया ब्लॉक के 200 से ज्यादा सांसदों ने संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला था, लेकिन उन्हें पहले ही रोक दिया गया। इसके बाद राहुल और प्रियंका ने आकाशवाणी परिसर में 8 घंटे धरना दिया था। इस दौरान राहुल और प्रियंका को दो बार हिरासत में लिया गया। 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक देशभर में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के लिए 9 बड़े प्रदर्शन हो चुके हैं।

कॉकरोच पार्टी का ...

इसी बात को लेकर SFI ने विरोध करते हुए राजीव चौक मेट्रो स्टेशन गेट नंबर 7 के सामने कई महिला प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर बस के आगे जमीन पर बैठ गईं। करीब 10 मिनट की जद्दोजहद के बाद दिल्ली पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने सभी हटाकर बस में डिटेन करके हटा दिया। सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस ने भाजपा के लोगों को नहीं रोका, जबकि प्रदर्शन के दौरान युवाओं के साथ गलत व्यवहार किया गया। रत्ना सिंह ने कहा कि घर लौटने के बाद भी सरकारी अधिकारी उनके घर के नीचे खड़े रहे। सौरव दास ने आरोप लगाया कि पूरे देश में भय का माहौल बनाया गया है और यह सब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि ज्ञानेश कुमार के पास ऐसा कौन-सा राज है, जिसकी वजह से सरकार उन्हें पद से नहीं हटा रही है। दास ने यह भी दावा किया कि उन्हें जानकारी मिली है कि RSS भी ज्ञानेश कुमार को हटाने के पक्ष में है। उन्होंने सवाल किया कि क्या 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी से प्रधानमंत्री की जीत में भी ज्ञानेश कुमार की कोई भूमिका थी?

सीएम योगी ने ...

इसके बाद मुख्यमंत्री ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर पहुंचे और वहां श्रद्धा व्यक्त करते हुए आशीर्वाद लिया। मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद शाम को नवरात्र के विशेष धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां पूरी की गईं। गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में रविवार शाम करीब पांच बजे कलश स्थापना का कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ की अगुवाई में साधु-संत भीम सरोवर से जल लेकर शक्तिपीठ पहुंचे। इसके बाद विधि-विधान के साथ कलश स्थापना की प्रक्रिया संपन्न हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित किया। धार्मिक परंपराओं के अनुसार, नवरात्र में कलश स्थापना को विशेष महत्व दिया जाता है। इसे देवी उपासना और शुभ कार्यों के आरंभ का प्रतीक माना जाता है। इसी के साथ गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र के विशेष अनुष्ठानों की शुरुआत हो गई। कलश स्थापना के बाद शक्तिपीठ के गर्भगृह में देवीभागवत पारायण और श्रीदुर्गासप्तशती के पाठ का शुभारंभ किया गया। नवरात्र के दौरान मंदिर में निर्धारित धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-पाठ और उपासना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। देवीभागवत और दुर्गासप्तशती के पाठ को मां दुर्गा की आराधना का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

यूपीआई पर एमडीआर...

उन्होंने महाराजा अग्रसेन के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि अपने राज में वह किसी बाहरी व्यक्ति को बसने के लिए एक ईंट और एक सिक्का देते थे। अखिलेश यादव ने इसे असल समाजवाद का उदाहरण बताया। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल और प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अखिलेश यादव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें 15 अक्टूबर से यूपीआई भुगतान पर एमडीआर चार्ज लगाए जाने की जानकारी दी और इससे छोटे व्यापारियों को होने वाली संभावित परेशानियों से अवगत कराया।

केएल राहुल 4 रन बना सके, अरुणाचल का मैच रद्द, वहीं, अरुणाचल प्रदेश का मैच रद्द हो गया

रणजी ट्रॉफी- यशस्वी 13 गेंद खेलकर शून्य पर आउट

मुकाबला



गिल के 18 अक्टूबर से छत्तीसगढ़ के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे मैच में खेलने की संभावना है। वह इंडिया-ए टीम का हिस्सा नहीं हैं।

नई दिल्ली, एजेंसी

रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले दिन रविवार को भारतीय टेस्ट टीम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। मुंबई की ओर से खेल रहे यशस्वी चंडीगढ़ के खिलाफ 13 गेंद खेलने के बाद बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि कर्नाटक के लिए खेल रहे राहुल आंध्र प्रदेश के खिलाफ 4 रन ही बना सके। वहीं, अरुणाचल प्रदेश का मैच रद्द हो गया। मुलापाडू में आंध्र प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में कर्नाटक के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल भी बड़ी पारी नहीं खेल सके। वे महज 4 रन बनाकर आउट हो गए। पिछले सीजन की उपविजेता कर्नाटक की शुरुआत खराब रही। आंध्र प्रदेश के तेज गेंदबाज कावुरी साईतेजा और केवी शशिकांत ने शुरुआती ओवरों में विकेट लेकर कर्नाटक को दबाव में डाल दिया। राहुल ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। मुल्लांपुर में खेले गए मैच में उन्होंने 82 गेंदों पर शतक लगाया था। यह वनडे क्रिकेट में उनका 9वां शतक था। इससे पहले भुवनेश्वर में शुरू हुई विनू मांकड़ अंडर-19 ट्रॉफी में भी अरुणाचल प्रदेश की टीम ने हिस्सा नहीं लिया था। BCCI ने नागालैंड की टीम को पहले ही बता दिया था कि कोर्ट का फैसला आने तक अरुणाचल की टीम मैदान पर नहीं उतर पाएगी। राष्ट्रीय चयन समिति ने उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को घरेलू सीजन में कम से कम एक रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के लिए कहा है। इसके तहत रवींद्र जडेजा सौराष्ट्र, केएल राहुल कर्नाटक, गुरनूर बराड़ पंजाब और आकाश दीप बंगाल की टीम से खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड दौरे पर गिल के शुरुआती तीन वनडे मैच खेलने की उम्मीद है। इसके बाद वे टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। छत्तीसगढ़ के खिलाफ रणजी मैच में खेलने से उन्हें आगामी अंतरराष्ट्रीय सीरीज से पहले अपनी लय हासिल करने का मौका मिल सकता है।

जायसवाल 13 गेंद खेलकर शून्य पर आउट

जायसवाल को हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी मैच की प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली। इससे पहले श्रीलंका दौरे पर 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में उन्होंने 3 पारियों में कुल 77 रन बनाए थे।

अरुणाचल और नागालैंड का मैच रद्द

रणजी ट्रॉफी के पहले दौर में अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के बीच अहमदाबाद में खेला जाने वाला प्लेट ग्रुप का मुकाबला रद्द करना पड़ा। अरुणाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के दो गुटों के बीच गुवाहाटी हाईकोर्ट की ईटानगर बेंच में कानूनी विवाद चल रहा है। इसके कारण अरुणाचल की टीम मैदान पर नहीं उतर सकी और मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी गई।

रणजी ट्रॉफी 2026-27 सभी टीमें

ग्रुप	टीमें
एलीट ग्रुप A	बिहार, बड़ौदा, गोवा, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, उत्तर प्रदेश, विदर्भ
एलीट ग्रुप B	कर्नाटक, आंध्र, सौराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हैदराबाद, त्रिपुरा, पंजाब, असम
एलीट ग्रुप C	बंगाल, दिल्ली, गुजरात, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, सर्विसेज, ओडिशा
एलीट ग्रुप D	मुंबई, राजस्थान, हरियाणा, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, रेलवे, चंडीगढ़
प्लेट ग्रुप	मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश

भारत-वेस्टइंडीज मैच से पहले महाकाल पहुंचे कोच गंभीर

उज्जैन में सितांशु कोटक के साथ किए बाबा के दर्शन





उज्जैन, एजेंसी

इंदौर के होलकर स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले पांचवें टी-20 मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और बैटिंग कोच सितांशु कोटक रविवार सुबह करीब 10 बजे उज्जैन पहुंचे। दोनों दिग्गजों ने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

गौतम गंभीर और सितांशु कोटक ने सबसे पहले चांदी द्वार से भगवान महाकाल के दर्शन किए। इसके बाद दोनों नंदी हॉल पहुंचे और वहां बैठकर भक्ति भाव से ध्यान लगाया। दर्शन के दौरान स्थानीय सांसद अनिल फिरोजिया भी उनके साथ मौजूद रहे। मंदिर समिति और सांसद की ओर से दोनों मेहमानों का आत्मीय स्वागत भी किया गया।

महाकाल दर्शन के बाद गौतम गंभीर ने अपने अनुभव को सुखद बताते हुए कहा कि भगवान महाकाल ने उन्हें हमेशा अपने पास बुलाया है। उन्होंने बाबा महाकाल से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद पूरे देश और भारतीय क्रिकेट टीम पर बन रहे।

वैभव सूर्यवंशी में मेरी सोच दिखती है : सहवाग



दिल्ली, एजेंसी

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी में उन्हें अपनी बेखौफ बल्लेबाजी की झलक दिखती है। सहवाग ने कहा- 'सूर्यवंशी पहली गेंद से ही शॉट लगाना चाहते हैं।'

दिल्ली में शनिवार को PHD चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सत्र में सहवाग ने सूर्यवंशी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत के लिए खेलने का मौका मिलने पर सूर्यवंशी उसका पूरा फायदा उठा सकते हैं।

सहवाग ने यह भी कहा कि भारतीय क्रिकेट में उनकी जगह उम्र से नहीं, प्रदर्शन से तय होनी चाहिए।

सूर्यवंशी ने जुलाई 2026 में इंग्लैंड के खिलाफ सीनियर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया। वह 15 साल और 99 दिन की उम्र में भारत के सबसे कम उम्र के इंटरनेशनल क्रिकेटर बने।

उन्होंने मैनचेस्टर में खेले गए अपने पहले टी-20 में 10 गेंद पर 14 रन बनाए। इस पारी में उनकी आक्रामक सोच दिखी, हालांकि भारत को मैच में हार मिली। इसके बाद भी सूर्यवंशी भारत की प्लेइंग-11 में रेगुलर जगह नहीं बना सके हैं। वह टीम का हिस्सा रहे हैं, लेकिन कॉम्बिनेशन और ओपनिंग स्लॉट के लिए सैमसन और उनमें मुकाबले चलते रहे। वे वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआती दो टी-20 में भी नहीं खेले।

सूर्यवंशी ने एशियन गेम्स के सेमीफाइनल और फाइनल में हिस्सा लिया। उन्होंने सेमीफाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 38 रन बनाए।

सहवाग ने सूर्यवंशी के उम्र की चिंताओं को खारिज किया

सहवाग ने सूर्यवंशी की उम्र को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज किया। उन्होंने कहा कि उम्र की सीमा केवल उम्र-आधारित प्रतियोगिताओं में मायने रखती है। सहवाग ने कहा- 'अगर आप किसी उम्र-आधारित प्रतियोगिता में खेल रहे हैं, तो यह बात सही है। अगर अंडर-19 है, तो आपकी उम्र 19 साल से कम होनी चाहिए।'

बांग्लादेश के पहले तेज गेंदबाज बने, अफगान टीम पहली पारी में 240 पर ऑलआउट

हसन महमूद ने अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट हैट्रिक ली



नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रच दिया। वे देश के पहले तेज गेंदबाज बने, जिसने टेस्ट में हैट्रिक ली है। 26 साल के महमूद ने अबू धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन लगातार गेंदों पर इस्मत आलम, कैस अहमद और जिया-उर-रहमान को आउट किया। अफगानिस्तान ने तीसरे दिन की शुरुआत 4 विकेट पर 211 रन से की थी। टीम अपने स्कोर को और बढ़ाना चाहती थी। 83वें ओवर में महमूद के लगातार तीन विकेटों ने निचले क्रम में अफगानिस्तान को मुश्किल में डाल दिया। टीम इसके बाद संभल नहीं सकी और 240 रन पर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश टीम ने पहली पारी में 346 रन बनाए थे।



83वें ओवर में पूरी हुई हैट्रिक

महमूद ने 83वें ओवर में इस्मत आलम को बोल्ड किया। उनकी गेंद इस्मत के डिफेंस को चकमा देकर स्टंप्स से जा टकराई।

अगली गेंद पर उन्होंने कैस अहमद को आउट किया। विकेटकीपर लिटन दास ने स्टंप्स के पीछे नीचे कैच पकड़ा।

इसके बाद जिया-उर-रहमान महमूद की हैट्रिक गेंद पर आउट हुए। गेंद जिया के पैड पर लगी और महमूद ने LBW की अपील की।

मैदानी अंपायर ने अपील खारिज कर दी। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने रिव्यू लिया।

बॉल-ट्रैकिंग में दिखा कि गेंद ऑफ स्टंप से टकराती। इसके बाद फैसला बदल दिया गया और महमूद की हैट्रिक पूरी हुई।

महमूद ने 21 ओवर में 55 रन देकर 5 विकेट लिए। अफगानिस्तान की टीम पहली पारी में 240 रन पर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश ने पहली पारी में 346 रन बनाए थे और उसे 106 रन की बढ़त मिली।

बांग्लादेश के तीसरे गेंदबाज

महमूद टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले बांग्लादेश के तीसरे गेंदबाज हैं। अलोक कपाली ने 2003 में पेशावर में पाकिस्तान के खिलाफ पहली हैट्रिक ली थी। इसके बाद सोहाग गाजी ने 2013 में चटगांव में न्यूजीलैंड के खिलाफ हैट्रिक ली। दोनों स्पिन गेंदबाज थे। इसलिए महमूद बांग्लादेश के पहले तेज गेंदबाज हैं, जिसने टेस्ट क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल की है।

मनोरंजन

मीम्स से लेकर क्रिप्टिक पोस्ट तक चर्चा नंबरिंग की गलती पर माफी मांगी, हेल्थ और रिटायरमेंट की अफवाह पर भी सफाई दी

84 की उम्र को पहुंचे अमिताभ बच्चन

नई दिल्ली, एजेंसी

अमिताभ बच्चन आज 84वां जन्मदिन मना रहे हैं। पांच दशक से लंबे करियर में उन्होंने पर्दे पर कई यादगार किरदार निभाए हैं। सोशल मीडिया पर भी उनका अंदाज किसी सुपरस्टार से कम नहीं है। कभी फैंस उनकी पोस्ट का मतलब खोजते हैं, तो कभी छोटी-सी गलती इंटरनेट पर मीम्स की बाढ़ ला देती है। अगस्त 2026 में पोस्ट की नंबरिंग में हुई गड़बड़ी पर अमिताभ ने माफी मांगी। यूजर्स ने इसे 'नंबर लीक' से जोड़कर मजेदार प्रतिक्रियाएं दीं।

जुलाई में उनके एक ब्लॉग से सर्जरी और आईसीयू में भर्ती होने की अटकलें लगीं। इसके बाद उन्हें सफाई देनी पड़ी। रिटायरमेंट को लेकर उठे सवालों पर भी उन्होंने अपने खास अंदाज में जवाब दिया। अमिताभ बच्चन की सोशल मीडिया पोस्ट पर कई बार उनके शब्दों के अलग-अलग मतलब निकाले जाते हैं। जुलाई 2026 में ऐसा ही हुआ।



अमिताभ बच्चन 2008 से ब्लॉग के जरिए प्रशंसकों से अपने अनुभव और विचार साझा करते रहे हैं।

एक नंबर की गलती और इंटरनेट पर मीम्स की बाढ़

अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट को क्रमवार नंबर देने के लिए जाने जाते हैं। वह लंबे समय से एक्स पर हर पोस्ट के साथ नंबर लिखते हैं। इस आदत ने उनके ऑनलाइन अंदाज को अलग पहचान दी है। लेकिन अगस्त 2026 में नंबरिंग के दौरान उनसे ऐसी चूक हुई कि सोशल मीडिया पर मीम्स बनने लगे। अमिताभ ने एक पोस्ट को T 5817 नंबर दिया था। अगली पोस्ट का नंबर T 5818 होना चाहिए था, लेकिन उन्होंने गलती से T 5718 लिख दिया। आगे की पोस्ट में भी गलत क्रम जारी रहा। एक फैन ने गलती की ओर ध्यान दिलाया, तो अमिताभ ने इसे स्वीकार कर नंबरिंग ठीक की। उन्होंने लिखा, 'T 5820 - A huge error by me in the numbering .. apologies...after 5817 .. it should read 5818 , 5819, 5820.' यानी नंबरिंग में उनसे बड़ी गलती हुई थी और इसके लिए उन्होंने माफी मांगी। उन्होंने गलती पकड़ने वाले फैन 'EF Sunil' को धन्यवाद भी दिया। इस चूक पर यूजर्स ने जमकर मजाक किया। कुछ लोगों ने इसे देश में चर्चा में रहे कथित परीक्षा पेपर लीक विवाद से जोड़कर 'नंबर लीक' कहना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा कि अगर अमिताभ गलती स्वीकार नहीं करते, तो वह जंतर-मंतर पर विरोध करने पहुंच जाता। दूसरे ने कहा कि इस गलती ने उसका पूरा दिन खराब कर दिया। ये मीम्स इसलिए भी चर्चा में रहे, क्योंकि मामला किसी फिल्म के डायलॉग या किरदार का नहीं, बल्कि अमिताभ के रोजमर्रा के सोशल मीडिया रूटीन का था। उनकी छोटी-सी चूक भी इंटरनेट पर मनोरंजन का विषय बन गई। अमिताभ ने गलती छिपाने के बजाय उसे स्वीकार कर सुधार दिया।

'रिटायर' होने की बात पर भी चर्चा शुरू हो गई

अमिताभ बच्चन के काम से दूर होने या रिटायरमेंट की बात उठते ही फैंस के बीच चर्चा शुरू हो जाती है। सितंबर 2026 में भी ऐसा हुआ। उनकी एक पोस्ट में 'रिटायर' शब्द से अटकलें लगने लगीं कि क्या वह फिल्मों और टेलीविजन से दूरी बनाने वाले हैं। अमिताभ ने अपने खास अंदाज में इस चर्चा पर विराम लगाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आशय काम से संन्यास लेने का नहीं, बल्कि सोने जाने का था। इसके बाद रिटायरमेंट को लेकर अटकलें थम गईं। इस घटना ने फिर दिखाया कि अमिताभ की पोस्ट के साधारण शब्द भी सुर्खियां बन जाते हैं। उनके फैंस हर बात ध्यान से पढ़ते हैं और कभी-कभी किसी शब्द से बड़े निष्कर्ष निकाल लेते हैं। अमिताभ लंबे समय से फिल्मों और टेलीविजन पर सक्रिय हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति' से उनका जुड़ाव भी दर्शकों के बीच खास पहचान रखता है। इसलिए उनके काम छोड़ने की संभावना से जुड़ी खबरें लोगों का ध्यान खींचती हैं।

हिरासत में आमिर खान के भांजे इमरान खान गर्लफ्रेंड संग सीजेपी प्रोटेस्ट में हुए शामिल

इमरान खान को हिरासत में लिया गया, जेल जाने पर बोले आमिर खान के भांजे

नई दिल्ली, एजेंसी

चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग के चलते कॉकरेच जनता पार्टी (CJP) ने 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रदर्शन का आह्वान किया था। देशभर में प्रोटेस्ट हो रहे हैं और प्रोटेस्टर्स को हिरासत में लिया जा रहा है। इमरान खान को भी हिरासत में ले लिया गया है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर कई वीडियोज सामने आए हैं, जिसमें आमिर खान के भांजे और एक्टर इमरान खान को पुलिस वैन में बैठाया जा रहा है। वह सीजेपी प्रोटेस्ट में शामिल हुए थे। एक वीडियो में इमरान को पुलिस वैन में डाल रही है। इस दौरान एक्टर पूछ रहे हैं कि आखिर उन्होंने किया क्या है? इमरान खान के साथ एक्ट्रेस जैन मैरी को भी हिरासत में लिया गया है। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियोज शेयर किए हैं जिनमें से एक वीडियो में वह इमरान के साथ पुलिस वैन में दिख रही हैं। इस दौरान वह इमरान से पूछती हैं, ₹आप कभी जेल गए हो?₹ इस पर इमरान कहते हैं, आज तक तो नहीं, लेकिन शायद एक बार तो जाना ही है। इमरान खान ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पुलिस वैन से अपनी एक सेल्फी भी शेयर की है। इस तस्वीर के साथ एक्टर ने कैप्शन में लिखा है, लगता है मैं ड्राइव पर जा रहा हूं। सैयामी खेर समेत कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज और फैंस उनके पोस्ट पर रिएक्शन दे रहे हैं।

इमरान खान के साथ उनकी गर्लफ्रेंड लेखा वॉशिंगटन को भी हिरासत में लिया गया है। उन्होंने एक्टर के साथ इंस्टाग्राम स्टोरी एक सेल्फी भी शेयर की है, जिसके साथ लिखा है, रोमांस हो तो ऐसी।



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में लगी इमरजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने रविवार को देश के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बढ़ते आतंकी हमलों का हवाला देते हुए आपातकाल की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के नेतृत्व वाली प्रांतीय सरकार को बर्खास्त कर दिया गया है।

राष्ट्रपति जरदारी ने संविधान के अनुच्छेद 232(1) और 234(1) के तहत यह अधिसूचना जारी की। इसके लागू होते ही मुख्यमंत्री, प्रांतीय मंत्री, सलाहकार, विशेष सहायक और एडवोकेट जनरल को अपने पद तुरंत खाली करने का आदेश दिया गया है। आदेश के तहत खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के अधिकार अब पाकिस्तान की संसद या उसके अधीन किसी प्राधिकरण द्वारा चलाए जाएंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार राज्यपाल को प्रांत का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण संभालने का निर्देश दे सकती है।

पोस्टर लेकर पहुंचे, केक बांटकर मनाया जश्न, ढोल-नगाड़ों पर किया डांस

अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर घर के बाहर जुटे फैंस



बधाई

नई दिल्ली, एजेंसी

अमिताभ बच्चन के 84वें जन्मदिन के मौके पर उन्हें बधाई देने के लिए बीती रात से ही मुंबई के जुहू स्थित उनके आवास 'जलसा' के बाहर फैंस की भीड़ जुटने लगी। दूर-दूर से पहुंचे फैंस अपने साथ केक, मिठाइयां और पोस्टर लेकर आए।

रात 12 बजते ही जलसा के बाहर फैंस ने अमिताभ बच्चन को जन्मदिन की बधाई दी। फैंस ने उनके पोस्टर लेकर नारे लगाए और उनकी लंबी उम्र व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं और कई प्रशंसक ढोल-नगाड़ों पर नाचते नजर आए। अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर हर साल उनके घर के बाहर फैंस का जमावड़ा लगता है। इस बार भी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात और देश के अन्य हिस्सों से फैंस मुंबई पहुंचे।





जलसा के बाहर अमिताभ बच्चन का हमशक्ल डांस करते हुए।

सोशल मीडिया पर भी मिल रहीं बधाइयां

अमिताभ बच्चन के 84वें जन्मदिन पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उन्हें शुभकामनाएं दी जा रही हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने X पर पोस्ट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना की।

यूक्रेन को नए राष्ट्रपति की जरूरत : ट्रम्प

दावा

पुतिन शांति चाहते हैं, जेलेंस्की ने अमेरिका-रूस के बीच डीजल डील का विरोध किया था

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन को नया राष्ट्रपति चुनना चाहिए।

उन्होंने पत्रकारों से दावा किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने के लिए शांति समझौता करना चाहते हैं, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की बातचीत के मौके गंवा रहे हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब ट्रम्प ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिका अब रूस से डीजल खरीदेगा। जेलेंस्की ने इस फैसले का विरोध किया। उन्होंने कहा था कि इससे रूस को युद्ध जारी रखने के लिए और पैसा मिलेगा।

अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारियों के बीच 9 अक्टूबर को मियामी में युद्ध रोकने को लेकर करीब 6 घंटे बातचीत हुई थी। लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। बैठक में ट्रम्प के दूत जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ भी शामिल थे। जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन की टीम बातचीत के लिए गई थी, लेकिन इसके बाद रूस को राहत देने वाला फैसला कर लिया गया। यूक्रेन का मानना है कि रूस पर दबाव बनाए बिना युद्ध खत्म करना मुश्किल है। सितंबर के आखिर में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान अमेरिका ने रूस से युद्ध रोकने का समझौता कराने के लिए कुछ प्रस्तावों पर चर्चा की थी। इसके बदले रूस को आर्थिक राहत देने के विकल्प रखे गए थे। इनका मकसद ऊर्जा से जुड़ी जगहों और समुद्र में हमले रुकवाना था। प्रस्तावों में पश्चिमी देशों में जब्त रूस की सरकारी संपत्ति का कुछ हिस्सा लौटाना, रूसी कंपनी लुकोइल की कुछ संपत्तियां मध्य-पूर्व के निवेशकों को बेचने की इजाजत देना और बेलारूस को पोटाश (खाद बनाने में इस्तेमाल होता है) बेचने की छूट देना शामिल था।





अलास्का में यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए हुई बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में हाथ मिलाते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन। तस्वीर 15 अगस्त 2025 की है।

अमेरिका ने रूस से डीजल खरीदने पर पाबंदी हटाई

ईरान-अमेरिका और इजराइल के युद्ध के कारण इस साल ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। इसी बीच अमेरिका ने रूसी डीजल के निर्यात पर लगी पाबंदियां अगले साल अप्रैल तक हटा दीं है। इस फैसले से रूस के लिए अमेरिका और दूसरे देशों को डीजल बेचने का रास्ता खुल गया है। जेलेंस्की ने इस फैसले को कमजोर कदम बताया। उनका कहना है कि रूस को तेल और डीजल बेचने की छूट मिलने से उसकी कमाई बढ़ेगी और वह इस पैसे का इस्तेमाल युद्ध जारी रखने में कर सकेगा।

रूस की तेल रिफाइनरियों पर हमलों से ट्रम्प नाराज

ट्रम्प ने यूक्रेन की ओर से रूस की तेल रिफाइनरियों पर किए जा रहे हमलों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इन हमलों से दुनिया में ईंधन की समस्या बढ़ सकती है। यूक्रेन रूस की तेल से जुड़ी सुविधाओं को निशाना बना रहा है। इससे रूस की तेल से होने वाली कमाई और उसकी सेना तक ईंधन पहुंचाने की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया था। तब से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है।

भारत में स्टारलिंक के सस्ते प्लान लाएंगे : मस्क

मुकाबले से अंबानी का मुनाफा घटेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस 'स्टारलिंक' की कीमतें भारत में काफी सस्ती होंगी। देश में इसकी एंट्री को लेकर चल रहे विवाद के बीच इलॉन मस्क ने इसके संकेत दिए हैं। उनका कहना है कि मार्केट में कंपनियों के बीच कॉम्पिटिशन बढ़ने से आखिरी फायदा भारतीय यूजर्स को ही होगा।

उन्होंने कहा कि स्टारलिंक के आने से अंबानी का मुनाफा थोड़ा घट सकता है, लेकिन उनका कारोबार बंद नहीं होगा। जाहिर है, अगर स्टारलिंक भारत में बहुत महंगी होगी तो उसे कोई नहीं खरीदेगा। इसलिए स्पेसएक्स को यहां टिकने के लिए अपनी कीमतें सस्ती रखनी ही पड़ेंगी। इलॉन मस्क भारत में स्टारलिंक की लॉन्चिंग में हो रही देरी को लेकर पिछले कुछ दिनों से नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इस देरी के लिए वो रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को जिम्मेदारी बता रहे हैं और उनके खिलाफ लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं।



हाल ही में मस्क ने अपने एक पोस्ट में मुकेश अंबानी पर तंज कसते हुए उन्हें 'प्राइम मिनिस्टर अंबानी' लिखा था। इस पोस्ट में उन्होंने अंबानी को भारत का रियल बॉस बताया था। उनका तर्क था कि स्टारलिंक भारत के बिना इंटरनेट वाले इलाकों में कनेक्टिविटी पहुंचा सकता है। इससे दूरदराज के वंचित बच्चों को शिक्षा और छोटे कारोबारियों को ग्लोबल मार्केट तक पहुंच मिलेगी।

फास्ट न्यूज

सऊदी अरब के रियाद एयरपोर्ट पर भीषण मिसाइल हमला

रियाद। सऊदी अरब के किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को हुए मिसाइल हमले में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 309 से ज्यादा लोग घायल हो गए। सऊदी अरब के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएसीए) ने इसकी पुष्टि की है। सीएसीए के अनुसार, मृतकों में 4 सऊदी नागरिक शामिल हैं। बाकी पीड़ितों में 2 बांग्लादेशी और अमेरिका, मिस्र, जॉर्डन, सीरिया, फलस्तीन और सूडान के एक-एक नागरिक शामिल हैं।

विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में भारतीय-बाजार से 44,166 करोड़ निकाले

नई दिल्ली । विदेशी निवेशकों का भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकालने का सिलसिला जारी है। अक्टूबर महीने में विदेशी निवेशकों ने अब तक इक्विटी मार्केट से 44,166 करोड़ की निकासी की है। इसके साथ ही साल 2026 में अब तक FPIs का कुल नेट आउटफ्लो बढ़कर 3.04 लाख करोड़ से ज्यादा हो चुका है।

कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, मजबूत होता अमेरिकी डॉलर और 10 साल के अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी विदेशी निवेशकों की इस निकासी के मुख्य कारण हैं।

जानलेवा इंजेक्शन से बचने वाली क्रिस्टा लौटीं जेल

वाशिंगटन। अमेरिका के टेनेसी राज्य से पिछले हफ्ते मौत की सजा का एक बेहद हैरान करने वाला और दुर्लभ मामला सामने आया था, जिसके बाद पूरे अमेरिका में मौत की सजा को लेकर एक नई बहस छिड़ गई। हालांकि इस मामले में ताजा अपडेट यह है कि जानलेवा इंजेक्शन दिए जाने के बाद भी मौत को चकमा देकर जिंदा बचने वाली 50 वर्षीय कैदी क्रिस्टा पाइक को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है ।

अमेरिका में फायरिंग बच्चों समेत 9 की मौत

इस साल मास शूटिंग में 320 से ज्यादा मौतें

पेनसिल्वेनिया, एजेंसी

अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य में शुक्रवार शाम हुई फायरिंग में बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध हमलावर भी मृत मिला। आशंका है कि उसने खुद को गोली मारी। घटना एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर हुई।

अमेरिकी न्यूज चैनल WCVB के मुताबिक, 24 सितंबर तक इस साल अमेरिका में मास शूटिंग की 343 घटनाएं दर्ज की गई थीं। इन घटनाओं में 320 से ज्यादा लोगों की मौत हुई।

NBC फिलाडेल्फिया की रिपोर्ट के मुताबिक 9 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे पुलिस को एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर गोलीबारी की सूचना मिली। चश्मदीदों ने बताया कि एक व्यक्ति ने घर के बाहर गोलियां चलाईं और फिर अंदर चला गया। मौके पर पहुंची पुलिस को सड़क पर दो महिलाओं के शव मिले। रिपोर्ट के मुताबिक इनमें से एक महिला गर्भवती थी। इसके बाद पुलिस और खास कमांडो टीम (SWAT) ने घर को घेर लिया। इसी दौरान घर के अंदर से और गोलियां चलने की आवाजें सुनाई दीं। बाद में जब पुलिस घर के अंदर दाखिल हुई, तो वहां सात और लोगों के शव मिले। इनमें बच्चे भी शामिल थे। संदिग्ध हमलावर भी घर के अंदर मृत मिला।



होर्मुज में तेल टैंकर समुद्री माइन से टकराया

जहाज में ब्लास्ट के बाद आग लगी, 10 दिन में अब तक 13 घटनाएं



विदेश मंत्री एस जयशंकर 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोलते हुए।

लंदन, एजेंसी

होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर समुद्री माइन से टकरा गया। इसके बाद जहाज में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने जहाज की पहचान और वह किस देश का है यह नहीं बताया। रॉयटर्स के मुताबिक, 28 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच होर्मुज स्ट्रेट के आसपास तेल, लिक्विफाइड नेचुरल गैस (LNG) और लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) ले जाने वाले टैंकरों से जुड़ी 13 घटनाएं हुईं।

अमेरिकी नौसेना के नेतृत्व वाले जॉइंट मैरीटाइम इन्फॉर्मेशन सेंटर (JMIC) ने रविवार को कहा कि होर्मुज में ऐसी गतिविधियां जारी हैं।

उन्होंने कहा, 'इन गतिविधियों से पता चलता है कि ईरान समुद्री रास्तों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखना चाहता है और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर दबाव बनाए रखना चाहता है।' भारत ने 6 अक्टूबर को ओमान के पास होर्मुज स्ट्रेट में पनामा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज पर हमले की निंदा की थी। हमले में 12 क्रू मेंबर घायल हुए थे, जिनमें 11 भारतीय थे।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जहाज एमटी ऑन पीस ओमान के तट से गुजर रहा था। इसी दौरान उस पर एक प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। जहाज पर कुल 19 लोग सवार थे। इनमें 17 भारतीय नागरिक थे। ओमानी अधिकारियों की मदद से घायलों को निकालकर ओमान के खासाब में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। फरवरी से अब तक होर्मुज में हमलो में 100 से ज्यादा भारतीय नाविक प्रभावित हो चुके हैं। वहीं, इन हमलों में 11 भारतीय नाविकों की जान गई।



खाड़ी क्षेत्र में 4,500 से ज्यादा भारतीय नाविक

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 29 सितंबर को बताया था कि फारस की खाड़ी और आसपास के इलाके में अलग-अलग कमर्शियल जहाजों पर 4,500 से ज्यादा भारतीय नाविक काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया था कि होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में 6 भारत-झंडे वाले कमर्शियल जहाज मौजूद हैं। इसके अलावा 6 विदेशी झंडे वाले जहाज भी भारत के लिए सामान लेकर चल रहे हैं। इन 12 जहाजों पर करीब 163 भारतीय नाविक सवार हैं।

जायसवाल के मुताबिक, भारत का शिपिंग मंत्रालय इन जहाजों की आवाजाही पर नजर रख रहा है। भारतीय दूतावासों और स्थानीय एजेंसियों के साथ मिलकर नाविकों की सुरक्षा और उनकी स्थिति की निगरानी की जा रही है। जरूरत पड़ने पर भारतीय मिशन उनकी मदद के लिए जरूरी कदम उठा रहे हैं।

बोले- ट्रम्प ओशन या ओशन ऑफ द अमेरिका रखेंगे, होर्मुज को भी 'ट्रम्प स्ट्रेट' करने को कहा था

ट्रम्प अटलांटिक या प्रशांत महासागर का नाम बदलेंगे

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अटलांटिक या पैसिफिक ओशन का नाम बदलकर 'ट्रम्प ओशन' या 'ओशन ऑफ द अमेरिका' रखने का सुझाव दिया है।

ट्रम्प ने शनिवार को एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि 2028 में अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले वह एक महासागर और एक बड़ी नदी का नाम बदलना चाहते हैं। उनकी इस बात पर रैली में मौजूद लोग हंसने लगे और तालियां बजाने लगे। इससे पहले भी ट्रम्प खुद के नाम पर कई जगहों के नाम रखने का सुझाव दे चुके हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कई बार होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी इलाका बताते हुए कहा कि क्या इसका नाम बदलकर 'ट्रम्प स्ट्रेट' कर देना चाहिए। इस साल अगस्त में ट्रम्प ने अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य और कनाडा के बीच स्थित लेक ओंटारियो का नाम बदलकर 'लेक अमेरिका' कर दिया था। द वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, यह फैसला कनाडा के नेताओं के साथ व्यापार और टैरिफ को लेकर चल रहे तनाव के बीच आया था।

ट्रम्प ने अमेरिका के न्यू मेक्सिको राज्य का नाम बदलकर 'न्यू अमेरिका' रखने का सुझाव भी दिया था। पिछले महीने उन्होंने यह विचार सामने रखा था। हालांकि, बाद में उन्होंने कहा कि इस बारे में फैसला राज्य के लोगों को ही करना होगा। द वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, न्यू मेक्सिको में रिपब्लिकन पार्टी के एक उम्मीदवार के समर्थन में वीडियो संदेश में ट्रम्प ने कहा था, 'मैं इस पर जोर नहीं दूंगा, लेकिन बहुत से लोगों को यह नाम काफी पसंद है।'



ट्रम्प ने अटलांटिक या पैसिफिक ओशन का नाम बदलने की बात केवल रैली के दौरान कही। उन्होंने अभी तक इस बारे में कोई औपचारिक प्रस्ताव पेश नहीं किया है।



द वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यकारी अधिकारों का इस्तेमाल करके समुद्र, झीलों और दूसरी भौगोलिक जगहों के नाम बदल सकते हैं। ट्रम्प प्रशासन की ओर से बदले गए नामों को ऑनलाइन नक्शा बनाने वाली कंपनियों ने भी आम तौर पर अपनाया है।

मेक्सिको गल्फ को 'गल्फ ऑफ अमेरिका' किया

पिछले साल ट्रम्प ने मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर 'गल्फ ऑफ अमेरिका' कर दिया था। इस फैसले के बाद मेक्सिको के साथ कूटनीतिक तनाव बढ़ गया था।

इस नाम को लेकर ट्रम्प प्रशासन और अमेरिकी न्यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (AP) के बीच भी विवाद हुआ। AP ने खाड़ी के नए नाम को हर जगह इस्तेमाल करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति के कार्यक्रमों में एजेंसी की पहुंच को लेकर कानूनी लड़ाई शुरू हो गई थी।

डीमार्ट के नतीजे- आमदनी 18% और मुनाफा 8.5% बढ़ा

पुराने स्टोर्स में जोरदार बिक्री और नए स्टोर खोलने का असर

मुंबई, एजेंसी

रिटेल चेन डीमार्ट को चलाने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 743 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर यह 8.5% बढ़ा है। पिछले साल की दूसरी तिमाही में कंपनी को 685 का मुनाफा हुआ था। जुलाई-सितंबर तिमाही में डीमार्ट ने 19,644.01 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया। यानी सालाना आधार पर कंपनी की आमदनी 18% बढ़ी है। हालांकि, कंपनी का खर्च भी 18% बढ़ा है।

पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 16,676.30 करोड़ रहा था। वस्तुओं और सेवाओं के बेचने से मिलने वाला पैसा रेवेन्यू या राजस्व होता है। कंपनी ने वित्त वर्ष 27 में अब तक 18 नए स्टोर्स खोले हैं। इसके साथ ही देश में कंपनी के टोटल स्टोर्स की संख्या अब 518 हो गई है। सॉलिड रेवेन्यू ग्रोथः डीमार्ट का बिजनेस मॉडल (बिक्री) अभी भी बहुत मजबूत है। 18% की रेवेन्यू ग्रोथ यह दिखाती है कि कंज्यूमर डिमांड और स्टोर्स पर फुटफॉल में कोई कमी नहीं आई है।



मुनाफे की धीमी रफ्तारः रेवेन्यू तो 18% बढ़ा, लेकिन नेट प्रॉफिट सिर्फ 8.5% बढ़ा। इसका सीधा मतलब है कि कमाई तो हो रही है, लेकिन मुनाफा बनाने की लागत बढ़ गई है।

सैलरी/वेज इन्फ्लेशन का असरः कंपनी के CEO अंशुल असावा ने खुद माना कि एंट्री-लेवल कर्मचारियों की सैलरी बढ़ने से ऑपरेटिंग खर्च बढ़ा है।

नुकसान : कई पुल-घर बहे, 10 लापता लैंडस्लाइड से स्यारी नदी का रास्ता बंद, बिहार में भी खतरा

नेपाल की बूढ़ी गंडकी नदी में बाढ़

काठमाण्डू, एजेंसी

नेपाल के गोरखा जिले में रविवार सुबह बूढ़ी गंडकी नदी में अचानक बाढ़ आने से कई गांवों को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ में करीब 35 घर और 6 पुल बह गए, जबकि कम से कम 10 लोग लापता हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

बाढ़ से 341 मेगावाट के बूढ़ी गंडकी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का निर्माण कैंप और कई मशीनें भी बह गईं। बाढ़ का पानी सुबह करीब 4 बजे बस्तियों में घुसा, जिसके बाद लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ऊंचे पहाड़ी इलाके में भूस्खलन के कारण चुन्चुब्री स्यारी नदी का रास्ता बंद हो गया था। इससे पानी जमा हुआ और फिर अचानक तेज बहाव के साथ नीचे आया।



इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में आई बाढ़ में 1455 लोगों की मौत हुई थी। साथ ही 5,285 लोग अब भी लापता हैं। सरकार ने बताया कि लगातार हो रहे भूस्खलन के बीच लापता लोगों की तलाश जारी है।

गोरखा जिला पुलिस कार्यालय के इंस्पेक्टर आकाश कंडेल ने बताया कि बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने सिरदिबास और धारचे ग्रामीण नगरपालिका के खोर्लाबेसी, माछाखोला, सोती, अरखेत और आरुघाट में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने की सलाह दी। नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण (NDRRMA) के मुख्य कार्यकारी डॉ. धर्मराज उप्रेती ने बताया कि ऊपरी इलाके से बाढ़ का पानी आरुघाट पहुंचने में करीब 3 घंटे लगते हैं। इससे नदी के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने का समय मिल सकता है।

बिहार में भी बाढ़ का खतरा

बूढ़ी गंडकी नदी में बाढ़ आने से बिहार में भी खतरा बढ़ सकता है। यह नदी आगे त्रिशूली से मिलती है। फिर दोनों का पानी देवघाट के पास नारायणी नदी में पहुंचता है। यही नदी भारत में गंडक के नाम से बिहार में आती है और आगे गंगा में मिल जाती है।

ऐसे में अगर पानी का बहाव बढ़ता है, तो बिहार में गंडक किनारे बसे इलाकों पर असर पड़ सकता है। इनमें पश्चिम चंपारण, गोपालगंज और वैशाली जैसे जिले शामिल हैं। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि नेपाल में आई बाढ़ से बिहार में जलस्तर बढ़ेगा या नहीं।



सोती में बना मोटर पुल बाढ़ में बह गया। सोती का बाजार क्षेत्र भी पानी में डूब गया

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में लगी इमरजेंसी

इमरान खान की पार्टी की प्रांतीय सरकार बर्खास्त

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने रविवार को देश के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बढ़ते आतंकी हमलों का हवाला देते हुए आपातकाल की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के नेतृत्व वाली प्रांतीय सरकार को बर्खास्त कर दिया गया है। राष्ट्रपति जरदारी ने संविधान के अनुच्छेद 232(1) और 234(1) के तहत यह अधिसूचना जारी की। इसके लागू होते ही मुख्यमंत्री, प्रांतीय मंत्री, सलाहकार, विशेष सहायक और एडवोकेट जनरल को अपने पद तुरंत खाली करने का आदेश दिया गया है। आदेश के तहत खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के अधिकार अब पाकिस्तान की संसद या उसके अधीन किसी प्राधिकरण द्वारा चलाए जाएंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार राज्यपाल को प्रांत का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण संभालने का निर्देश दे सकती है। राष्ट्रपति द्वारा जारी घोषणापत्र के अनुसार, प्रांत में संवैधानिक तंत्र पूरी तरह विफल हो चुका था। इसमें कहा गया है कि आतंकी घटनाओं की बढ़ती तीव्रता आम नागरिकों की जान और माल के लिए गंभीर खतरा बन गई है। सरकारी संपत्तियों, बुनियादी ढांचे और सुरक्षा बलों पर लगातार हमले हो रहे हैं। प्रांतीय सरकार आतंकवाद और अराजकता को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने में विफल रही है।



तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676